जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोन:- 2386031, 2386032 फैक्स:- 0744-2386033 वर्ष: 51 संख्या: 29 प्रभात कोटा, बुधवार, 12 नवम्बर, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# सभी एग्ज़िट पोल एनडीए को आसानी से जीतता हुआ दिखा रहे हैं तथा महागठबंधन बहुत पीछे है

## पर, एग्ज़िट पोल सदा सही हों, ऐसा नहीं है, 2024 के लोकसभा, 2015 के विधानसभा चुनाव में एग्ज़िट पोल के अंदाज़े काफी गलत साबित हुए थे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवंबर। अगर आठ एग्ज़िट पोल्स के अनुमान सही साबित होते हैं, तो एनडीए एक बार फिर सत्ता में वापसी करेगी और आरजेडी (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को काफ़ी पीछे छोड़ देगी। दैनिक भास्कर के एग्ज़िट पोल के अनुसार, एनडीए को 145 से 160 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि महागठबंधन को 85 से 101 सीटें मिल सकती हैं। मैट्रिज़ के मुताबिक सत्तारूढ़ गठबंधन को 147 से 167 सीटें और महागठबंधन को 70 से 90 सीटें मिल सकती हैं। वहीं चाणक्य सर्वे ने एनडीए को 130 से 180 सीटें और महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है।

अतीत में ऐसी भविष्यवाणियाँ गलत साबित हुई हैं। जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव और 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में हुआ था, लेकिन इस बार नीतीश कुमार की जेडीयू के बेहतर प्रदर्शन के आकलन गलत नहीं लगते। पी-मार्क नामक एजेंसी के अनुसार, भाजपा को 68 से 78 सीटें और जेडीयू को 62 से 72 सीटें मिलने की उम्मीद है। पिछले, 2020 के चुनाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### बिहार चुनाव
### एक्जिट पोल के अनुमान

| क्र.सं. | न्यूज चैनल/एजेंसी | एनडीए | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चाणक्य | 130-138 | 100-108 | 3-5 |
| 2 | पीपुल पल्स | 133-159 | 75-101 | 2-13 |
| 3 | टाइम्स नॉऊ | 143 | 95 | 5 |
| 4 | मैट्रिज-आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | 0 |
| 5 | पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | 1-5 |
| 6 | पीपुल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 3-8 |
| 7 | जेवीसी चुनाव | 135-150 | 88-103 | 3-6 |
| 8 | पोलस्ट्रेट | 133-148 | 87-102 | 3-5 |

- इस बार नीतीश की पार्टी का बहुत बेहतर प्रदर्शन रहेगा, एग्ज़िट पोल का यह अंदाज़ा सही उतरता नज़र आ रहा है।
- 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा था और वो केवल 40 सीटों पर सिमट गई थी।

# अध्यापक परीक्षा में बैठने वाला डमी प्रत्याशी गिरफ्तार

जयपुर, 11 नवंबर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए थर्ड ग्रेड अध्यापक परीक्षा में बैठने वाले डमी कैंडिडेट को गिरफ़्तार किया है। इसके आधार पर फेक तरीके से बने थर्ड ग्रेड अध्यापक की दौसा के सरकारी स्कूल में पोस्टिंग हुई थी। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एसओजी)) विशाल बंसल ने बताया कि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए थर्ड ग्रेड अध्यापक परीक्षा में बैठने वाले डमी कैंडिडेट पुष्पेंद्र सिंह (22) निवासी राजाखेड़ा जिला धौलपुर को गिरफ़्तार किया है। एसओजी टीम गिरफ्तार आरोपी पुष्पेंद्र से पूछताछ कर रही है कि वह अन्य परीक्षाओं में कितनी बार डमी कैंडिडेट बना है।

- एसओजी पूछताछ कर रही है कि वह कितनी बार डमी प्रत्याशी बनकर परीक्षा में बैठा था।

बंसल ने बताया कि फर्जी तरीके से थर्ड ग्रेड अध्यापक बनने वाले आरोपित सचिन कुमार (22) निवासी कोलारी धौलपुर को पूर्व में गिरफ़्तार किया गया था। गिरफ़्तार आरोपित दौसा के सिकराय में राजकीय प्राथमिक स्कूल भोंदू का पुरा गांव पंचायत नाहरखोहरा में थर्ड ग्रेड टीचर के पद पर पोस्टेड था।

# ट्रंप बीबीसी के खिलाफ सौ करोड़ डॉलर का मानहानि का दावा ठोकेंगे

## कई कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह दावा ज्यादा ही महत्वाकांक्षी है और न्यायालयों में ज्यादा दिन नहीं टिक पाएगा

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

वॉशिंगटन, 11 नवंबर। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के खिलाफ कानूनी मुकदमा करने और एक बिलियन डॉलर के हर्जाने का कानूनी दावा दायर करने की धमकी दी है।

कुछ कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण है और अदालत में टिक नहीं पाएगा। हालांकि, वही विशेषज्ञ यह भी स्वीकार करते हैं कि ट्रंप मीडिया के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराने के लिए जाने जाते हैं और कई बार उन्हें मीडिया संगठनों से मुआवजा भी मिला है, जिससे उनके दावों को बल मिला।

तथापि, बीबीसी के खिलाफ ट्रंप के दावे अब तक के उनके सभी मामलों से कहीं ज़्यादा बड़े और अलग स्तर के माने जा रहे हैं। दुनिया भर में लगभग 20,000 लोगों को रोजगार देने वाला यह विशाल मीडिया संगठन इस बार ट्रंप के आरोपों को लेकर स्पष्ट रूप से असहज दिखाई दे रहा है।

- पर, यही विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि काफी समय से ट्रंप मीडिया के खिलाफ शिकायतें करते रहे हैं और न्यायालयों से मुकदमा जीत कर मीडिया प्रतिष्ठानों से आर्थिक दंड वसूल किये हैं।
- बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने यह स्वीकार किया कि ट्रंप के भाषणों को जोड़कर पेश करना उचित नहीं था और वे व्यक्तिगत रूप से समय लेकर ट्रंप से अफसोस जाहिर करना चाहते हैं।
- ब्रिटेन की आम जनता की सहानुभूति बीबीसी के साथ है और वह इस बात को अनुचित मानती है, जिस प्रकार अमेरिकी प्रेसिडेंट बीबीसी को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।
- अब तक किसी अमेरिकी प्रेसिडेंट ने ऐसा कभी नहीं किया।
- पर, बीबीसी को ब्रिटिश सरकार से सहानुभूति की आशा नहीं है, क्योंकि सरकार पहले ही ट्रंप के आगे नतमस्तक सी है।

कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समीर शाह ने अत्यंत विनम्र रुख अपनाते हुए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारी कम्पिटीशन से ग्रस्त प्राइवेट टीवी चैनलों ने एक और ब्लंडर किया

## ब्रीच कैंडी में स्वास्थ्य लाभ कर रहे धर्मेन्द्र को मृत घोषित कर दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवंबर। निजी टीवी चैनलों की तीव्र प्रतिस्पर्धा में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र (89 वर्ष) के निधन की झूठी अफवाह फैला दी गई, जबकि वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं।

नवासी वर्षीय धर्मेन्द्र, जो फूल और पत्थर, मेरा गाँव मेरा देश, शोले, खामोशी, जॉनी गद्दार और आने वाली फिल्म इक्कीस जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, एक समझदार कारोबारी भी हैं, जिनकी अनुमानित संपत्ति लगभग 335 करोड़ रूपये है।

- धर्मेन्द्र जीवित ही नहीं, अपने फलते-फूलते रेस्टोरेंट आदि के बिज़नेस को संचालित कर रहे हैं।

धर्मेन्द्र, जिन्हें अक्सर "ओरिजिनल ही-मैन" और "गरम धरम" कहा जाता है, ने फिल्म उद्योग में सबसे भरोसेमंद सितारों में अपनी जगह बनाने के बाद होटल और रेस्टोरेंट के कारोबार में कदम रखा।

उन्होंने सबसे पहले साल 2015 में नई दिल्ली में "गरम धरम ढाबा" नाम से रेस्टोरेंट शुरु किया। बिज़नेस इनसाइडर के अनुसार, 2022 में उन्होंने करनाल हाईवे पर "ही-मैन" नाम से एक और रेस्टोरेंट खोला।

धर्मेन्द्र मुंबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं, लेकिन वे अक्सर लोनावाला स्थित अपने 100 एकड़ के विशाल फार्म हाउस पर जाते हैं, जो शहर की भागदौड़ से दूर एक शांत और खूबसूरत जगह है।

खबरों के अनुसार, वे अपने इस लोनावाला फार्म हाउस के पास एक रिसॉर्ट बनाकर होटल व्यवसाय को और आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

# पूर्व विधायक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

जयपुर, 11 नवंबर। जयपुर मेट्रो-प्रथम की एसीजेएम कोर्ट ने इंदिरागांधी नगर में एक ही भूखंड को दो बार बेचान करने से जुड़े आरोप मामले में जालौर-भीनमाल के पूर्व एमएलए पूराराम चौधरी को गिरफ्तारी वारंट के जरिए 15 नवंबर को हाजिर करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने यह आदेश परिवादी रघु शर्मा के मामले में दिया। परिवादी ने आरोपी के खिलाफ ज्योति नगर पुलिस थाने में 2008 में धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। हाईकोर्ट ने भी आरोपी के खिलाफ निचली कोर्ट के 7 अक्टूबर 2015 के आदेश से तय किए गए चार्ज को बरकरार रखा था।

- एक भूखंड को दो बार बेचने के मामले में जालोर-भीनलाम के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के खिलाफ वारंट जारी हुआ।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली बम विस्फोट में काम में लाई गई कार तीन घंटे तक पार्किंग लॉट में खड़ी थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 24 फरवरी 1989 को जन्मा उमर मोहम्मद फरीदाबाद के अल फलाह मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर था।

जांच एजेंसियों का मानना है कि यह खबर मिलने के बाद उमर फरीदाबाद से भाग गया कि उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पिछले कुछ दिनों में 2,900 किलो विस्फोटक जब्त किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, वह "घबरा गया" और उसने लाल किले के पास विस्फोट कर दिया। ज्ञातव्य है कि लाल किला सत्रहवीं सदी में मुगलों द्वारा बनाया गया ऐतिहासिक स्मारक है और देश के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है।

सूत्रों ने बताया, "उमर मोहम्मद और उसके साथियों ने धमाका करने के लिए अमोनियम नाइट्रेट फ्यूल ऑयल (एएनएफओ) का इस्तेमाल किया। उन्होंने कार में डेटोनेटर लगाया और लाल किले के पास भीड़भाड़ वाले इलाके में आतंकी हमला कर दिया।"

- अपने साथियों की गिरफ्तारी की खबर से घबरा व हड़बड़ा कर उमर मोहम्मद ने कार को उड़ाने का निर्णय ले लिया था।

जांच से पता चला है कि यह कार कई लोगों के हाथों से गुजरी थी। सूत्रों के मुताबिक, मार्च 2025 में गुरुग्राम निवासी सलमान ने यह कार ओखला के रहने वाले देवेन्द्र को बेची थी। इसके बाद देवेन्द्र ने इसे अंबाला के एक व्यक्ति को बेच दिया।

अंबाला से यह कार पुलवामा पहुंची, जहां आमिर, तारिक और उमर राशिद के बीच संबंध सामने आए।

जांच में खुलासा हुआ कि आमिर ने यह कार उमर मोहम्मद को दी थी।

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आमिर और तारिक से दिल्ली पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि शाहीन शाहिद, जो इन सबके संपर्क में थी, भारत में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) की महिला विंग की स्थापना के लिए गुप्त रूप से काम कर रही थी।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की रहने वाली शाहीन को हरियाणा के फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने के मामले में गिरफ्तार किया गया। फरीदाबाद दिल्ली की सीमा से सटा हुआ शहर है।

हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर ने कहा कि हाल की घटनाओं से अब साफ हो गया है कि शाहीन किस गतिविधि में लगी हुई थी।

शाहीन को जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग "जमात-उल-मोमिनात" की भारत शाखा की जिम्मेदारी दी गई थी। इस संगठन की प्रमुख पाकिस्तान में जैश संस्थापक मसूद अज़हर की बहन सादिया अज़हर है।

शाहीन का संपर्क कश्मीरी डॉक्टर मुज़म्मिल गनई उर्फ मुसैब से था, जो उसी विश्वविद्यालय में काम करता था। गनई को फरीदाबाद में उसके दो किराए के कमरों से 2,900 किलो विस्फोटक और ज्वलनशील सामग्री बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया।

जांच में यह भी पाया गया कि जिस कार में एक असॉल्ट राइफल, एक पिस्तौल और गोला-बारूद रखा गया था, वह शाहीन शाहिद की थी। फरीदाबाद नंबर (एच आर 51) वाली मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को पुलिस ने गनई से पूछताछ के बाद जब्त कर लिया और उसकी तलाशी ली। इन सभी घटनाओं को अब सोमवार को दिल्ली के लाल किले के पास हुए आत्मघाती हमले से जोड़ा जा रहा है, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी।

# मुख्य सचिव सुधांश पंत प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाएंगे

जयपुर, 11 नवंबर (कासं)। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत प्रतिनियुक्ति पर केन्द्र सरकार में जाएंगे, जहां 30 नवंबर को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मौजूदा सचिव अमित यादव की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी नियुक्ति प्रभावी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नियुक्ति संबंधी कैबिनेट कमेटी ने सोमवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

- केन्द्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता सचिव अमित यादव की 30 नवंबर को सेवानिवृत्ति के बाद सुधांश पंत को इस पद पर लगाया गया है।

ज्ञात रहे कि वर्ष 1991 बैच के वरिष्ठ आईएएस सुधांश पंत को राजस्थान में भजनलाल शर्मा की सरकार बनने के साथ ही 1 जनवरी 2024 से मुख्य सचिव बनाया गया था। इससे पूर्व भी वे केन्द्र सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यपाल ने बृज विश्वविद्यालय के कुलगुरु को पद से हटाया

जयपुर, 11 नवम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर, के निलंबित कुलगुरू प्रो. रमेश चंद्रा को राज्य सरकार के परामर्श से कुलाधिपति के रूप में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश जारी किए हैं।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को आदेश जारी किये।

जारी आदेश के अंतर्गत महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के निलंबित कुलगुरू प्रो. रमेश चंद्रा के विरूद्ध विश्वविद्यालय अधिनियम/परिनियमों की पालना नहीं करने, विश्वविद्यालय संसाधनों/निधियों का दुरूपयोग करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ट्रंप के अमेरिका पर विश्वास नहीं किया जा सकता'

## रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शिकागो में एक सार्वजनिक मंच से कहा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने एक महत्वपूर्ण बयान में कहा कि ट्रंप का वॉशिंगटन भरोसे लायक नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की दोस्ती तथा भारत और अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध पर सवाल खड़े किये।

दोहरे मापदंड अपनाने के लिये वॉशिंगटन की आलोचना करते हुये, उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के उत्पादों पर भारी शुल्क लगा रहा है, जबकि पाकिस्तान को कम दरों का लाभ दिया जा रहा है। राजन ने कहा कि अमेरिका की यह व्यापार नीति दोनों देशों के नेताओं के बीच दिखाए जाने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों के विपरीत है।

शिकागो काउंसिल ऑन ग्लोबल अफेयर्स द्वारा 6 नवम्बर को आयोजित एक समारोह में बोलते हुये, राजन ने कहा, "जब अमेरिका भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा सकता है और पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत, तो फिर मोदी और ट्रंप के बीच की वह बहुचर्चित दोस्ती कहाँ है?"

राजन ने कहा कि इस कदम से भारत "बहुत निराश हुआ है और ट्रम्प का यह कदम दर्शाता है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता।"

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि भारत पिछले 20 वर्षों में अमेरिका के करीब आया था, और अब उसे गहरी निराशा हुई है। मैं नेतृत्व की बात नहीं कर रहा, मैं उन लोगों की बात कर रहा हूं, जो इस टैरिफ की मार झेल रहे हैं। मैं जख्म पर नमक नहीं छिड़कना चाहता, लेकिन जब पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत और भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क है, तो मोदी-ट्रंप की वह दोस्ती कहां है, जिसकी बड़ी चर्चा होती रही है? यह मोदी के लिए अपमानजनक स्थिति है, क्योंकि भारत का विपक्ष उनसे पूछ रहा है – 'आपकी दोस्ती कहां गई?'"

- रघुराम के अनुसार, चीन से संबंध बनाने के लिए अमेरिका किसिंजर व निक्सन के जमाने में पाकिस्तान की ओर झुक गया था और अपना समुद्री बेड़ा हिंद महासागर में भेजा था 71 में। उस समय रूस ने भारत का पक्ष लिया था और अनुग्रहित होकर भारत रूस के खेमे में चला गया था।
- उस खेमे से बाहर निकलने में भारत को पच्चीस साल लगे।
- अब गत बीस साल से भारत, अमेरिका से मधुर संबंध बनाने के प्रयास में लगा था, पर, ट्रंप की अजीबो-गरीब टैरिफ नीति, जिसमें पाकिस्तानी सामान पर उन्नीस प्रतिशत और भारतीय सामान पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाया है, ने संबंधों को पीछे ढकेल दिया है। अतः अब भारत-अमेरिका पर विश्वास नहीं कर सकता।

राजन ने कहा कि भारत को दुनिया का सबसे ज्यादा, चीन से ज्यादा, शुल्क झेलने वाला देश नहीं होना चाहिए, जबकि अमेरिका लगातार "सैन्य दोस्ती, रणनीतिक गठजोड़ और संयुक्त अभ्यासों" की बातें करता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें लोगों के मन में लंबे समय तक बनी रहती हैं।

राजन ने आगे कहा, "अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता।" उन्होंने याद दिलाया कि 1970 के दशक में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। उन्होंने कहा, "उन्होंने युद्ध रोकने और पाकिस्तान की मदद के लिए सातवां अमेरिकी बेड़ा भेजा था। भारतीय तब बहुत नाराज़ हुए थे, और सोवियत संघ ने भारत की मदद की थी। इस कारण भारत 25 साल तक सोवियत गुट में रहा।" उन्होंने आगे कहा कि "भारत को उस गठबंधन से बाहर निकलने में काफी समय लगा।"

मोदी सरकार के सीमित विदेश नीति विकल्पों की ओर इशारा करते हुए राजन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों को देखते हुए भारत शायद चीन पर निर्भर न रहे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दुर्वचन पशुओं तक को अप्रिय होते हैं। –बुद्ध

# युवाओं में बेचैनी व तनाव बढ़ाता सैलरी पैकेज का भ्रमजाल

अमेरिकी कंपनी टेस्ला के बॉस एलन मस्क को रिकॉर्ड एक ट्रिलियन डॉलर (एक लाख करोड़ डॉलर) के सैलरी पैकेज देने पर कंपनी के शेयरहोल्डर्स ने मंज़ूरी दे दी है। पूंजीवादी कारोबार जगत में दिखने वाली अविश्वसनीय चीज़ों की फेहरिस्त में यह एक और कड़ी है। सैलरी पैकेज का फंडा भारत में भी चल पड़ा है। पहले वेतन और भत्ते मिलते थे, वे सब अब सैलरी पैकेज में समाहित हो गये हैं। अब मासिक वेतन नहीं बताया जाता बल्कि सालाना पैकेज बताया जाता है। सैलरी पैकेज वाले कर्मचारी अपने को श्रमिक नहीं कहते हैं। श्रमिक छोटा होता है मगर रात-दिन कंप्यूटर में सिर खपा कर सैलरी पैकेज पाने वाला अपने को ऊंचा समझता है। ऐसे पैकेज वाले अपने श्रम संगठन नहीं बनाते। बड़े पैकेज पाने वालों का सामाजिक व्यवस्था में भी रुतबा ऊंचा होता है। खुले बाज़ार आधारित आर्थिक नीतियां आने के बाद निजी क्षेत्र में इसका प्रचलन शुरू हुआ। बाज़ार सैलरी पैकेज पाने वालों के हाथों में जरूरत से अधिक पैसा देता है और उससे उसकी जरूरतें बढ़ाकर दूसरी गलियों से वापस ले लेता है। मशहूर शायर कैफ़ी आज़मी ने महान फिल्मकार गुरुदत्त की क्लासिक 'कागज के फूल' के एक गीत में लिखा था–''एक हाथ से देती है दुनिया, दो हाथों से ले लेती है, ये खेल है कब से जारी''। मध्यम वर्ग की समूची नई पीढ़ी बाज़ार के मोहपाश में है।

भारत में पिछले दो दशकों में 'सैलरी पैकेज' शब्द ने एक नए युग की शुरुआत की है। पहले नौकरी का मतलब स्थिरता, गरिमा और जिम्मेदारी हुआ करता था, लेकिन अब नौकरी का मूल्य उसकी 'सीटीसी' – यानी कॉस्ट टू कंपनी – से तय होता है। किसी युवा के जीवन का सपना अब 'अच्छा इंसान' बनना नहीं, बल्कि 'बीस लाख पैकेज वाला' बनना रह गया है। इस परिवर्तन ने भारतीय समाज, विशेषकर मध्यम वर्ग की सोच, आकांक्षाओं और जीवनशैली को गहराई से प्रभावित किया है। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक स्तर पर भी एक बड़ी हलचल लेकर आया है। पूंजीवाद का नया चेहरा 'पैकेज' की चकाचौंध लिये हुए है। 21वीं सदी के भारत में पूंजीवाद ने खुद को आधुनिक, आकर्षक और तकनीकी रूप में प्रस्तुत किया है। अब कंपनियां कर्मचारियों को सिर्फ वेतन नहीं देतीं, बल्कि पैकेज देती हैं। इस शब्द ने इतना जादू फैलाया कि लोग अब काम की प्रकृति, संतुलन या उद्देश्य नहीं देखते, बस संख्या देखते हैं – कितना पैकेज मिला? कॉर्पोरेट जगत ने इस चकाचौंध को सुनियोजित तरीके से फैलाया। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और अब यहां तक कि आर्ट्स और कॉमर्स के छात्रों के बीच भी यह दौड़ लग गई कि किसे अधिक पैकेज मिला। अख़बारों के हेडलाइन बनते हैं – फलां संस्थान के छात्र को इतना पैकेज। यह सुनकर हर मध्यमवर्गीय परिवार का बच्चा उसी रास्ते पर चल पड़ता है, बिना यह समझे कि उस पैकेज में क्या छिपा है, और उसकी कीमत क्या चुकानी पड़ेगी। यह भारतीय मध्यम वर्ग का मोहजाल है। आज का भारतीय मध्यम वर्ग 'स्टेटस' का दीवाना है। माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल से ही यह सिखाने में लगे रहते हैं कि खूब मेहनत करो, अच्छी कंपनी में नौकरी करो, बड़ा पैकेज लो। इस मानसिकता ने समाज में एक ऐसा वातावरण बनाया है जहां सफलता की परिभाषा केवल आर्थिक हो गई है। नतीजा यह है कि हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां व्यक्ति अपने पैकेज से पहचाना जाता है, न कि अपने व्यक्तित्व या कर्म से।

इसे कुछ अर्थशास्त्री पूंजीवादी प्रपंच बताते हैं जिसका उन्होंने नाम दिया है 'लफंगा पूंजीवाद' जो कि असल में एक चतुर जाल है। कंपनियां युवाओं को बड़ी-बड़ी सैलरी की झलक दिखाकर उनके जीवन पर कब्ज़ा कर लेती हैं। 20 लाख के पैकेज का मतलब यह नहीं कि किसी युवा के पास 20 लाख रुपये सालाना होंगे। असल में यह कंपनी की लागत होती है जिसमें टैक्स, बीमा, भत्ते और कई बार काल्पनिक बोनस भी शामिल होते हैं। हाथ में आने वाली रकम कहीं कम होती है, पर दिखावा बहुत बड़ा होता है। यही प्रपंच बाज़ार की असली चाल है – दिखावे का जाल। कंपनी कहती है:– हम तुम्हें करोड़ों का पैकेज दे रहे हैं, पर असल में वह कर्मचारी से 12-14 घंटे का श्रम, मानसिक तनाव देती है और उसके जीवन की स्वतंत्रता छीन लेती है। इस बाज़ारवाद ने काम को सेवा नहीं, बल्कि सर्वाइवल गेम बना दिया है। इसमें बाजार का नया प्रचारतंत्र 'सोशल मीडिया' बड़ी भूमिका निभा रहा है। आज हर युवा अपने पैकेज के साथ सोशल मीडिया पर एक ब्रांड बन जाता है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें, लिंक्डइन पर सेल्फ-कॉन्फिडेंट पोस्ट और व्हाट्सएप ग्रुपों में प्लेस्ड इन गूगल जैसे स्टेटस। यह डिजिटल प्रदर्शनवाद समाज में और ज़हरीला असर डालता है। जो युवा अभी उस स्तर तक नहीं पहुंच पाते, वे हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। उनमें यह भ्रम पैदा हो जाता है कि सफलता का मतलब सिर्फ बड़ा पैकेज है। यही मानसिक दबाव आगे चलकर अवसाद, चिंता, और आत्म-संदेह में बदल जाता है। जब पैसा ही सफलता का पैमाना बन जाता है, तो रिश्ते भी उसी के हिसाब से तौले जाने लगते हैं। मध्यम वर्गीय परिवार अब रिश्ते तय करते समय पूछते हैं – लड़का कितना कमाता है? शादी, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा सब सैलरी से होती है और विवाह समारोह उसी के अनुरूप भव्य होटल या रिज़ॉर्ट में होता है और वहां कितने व्यंजन परोसे गये उससे हैसियत मापी जाती है। नैतिकता, संवेदना, और सामाजिक जिम्मेदारी की बातें अब कमजोर पड़ती जा रही हैं। एक समय था जब लोग अपने काम पर गर्व करते थे – चाहे वह शिक्षक हो, डॉक्टर या सरकारी कर्मचारी। आज वही लोग खुद को हीन महसूस करते हैं अगर उनका पैकेज किसी प्राइवेट एमएनसी कर्मचारी से कम हो।यह व्यवस्था इंसान को धीरे-धीरे मशीन में बदल रही है। हर व्यक्ति टार्गेट और डेडलाइन के बोझ तले दबा है। उसे न तो खुद के लिए समय है, न परिवार के लिए, न ही समाज के लिए। काम का असली अर्थ – आत्मसंतुष्टि और योगदान – अब गायब हो गया है। सैलरी पैकेज ने व्यक्ति को इतना मोहग्रस्त कर दिया है कि वह यह तक भूल गया है कि जीवन का असली उद्देश्य क्या है। अब काम कमाई के लिए नहीं, प्रतिस्पर्धा के लिए किया जाता है। बाज़ार ने मध्यम वर्ग को जबरदस्त उपभोगवादी बना दिया है। बड़े पैकेज वाले लोग बड़ी गाड़ियां, महंगे फोन, विदेशी कपड़े और आलीशान फ्लैट खरीदते हैं। यह लालच की अर्थव्यवस्था कभी खत्म नहीं होती। कर्ज का जाल बढ़ता जाता है और संतोष घटता जाता है। लोग अपने पैकेज के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों के पैकेज से तुलना कर खर्च करने लगते हैं जिसका नतीजा होता है आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की थकावट। पिछले हफ़्ते 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के एक लेख का शीर्षक था, ''जेनरेशन ज़ेड के लोगों के लिए, काम अब बेरोज़गारी से ज़्यादा निराशाजनक है।'' लेख में कहा गया कि, ''पिछले एक दशक में प्रवेश स्तर की नौकरी पाने और उसे बनाए रखने की पूरी प्रक्रिया एक कष्टदायक और अमानवीय अनुभव बन गई है।'' भारतीय युवा भी ऐसी शिकायत करते मिलते हैं कि नियोक्ता उनसे असाइनमेंट पूरे करने की अपेक्षा करते हैं जिस प्रकार प्राथमिक स्कूल में बच्चों से होमवर्क करके लाने की अपेक्षा की जाती है।

**सिर्फ पैकेज नहीं, बल्कि कार्य संतुष्टि, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक योगदान को भी प्राथमिकता देनी होगी। यह समझने की जरूरत है कि सैलरी पैकेज का यह मोहजाल भारतीय मध्यम वर्ग को धीरे-धीरे आत्महीन, उपभोगी और असंतुष्ट बना रहा है। खुला बाज़ार हमें यह विश्वास दिला चुका है कि पैसा ही शक्ति है, जबकि असली शक्ति आत्मसम्मान, ज्ञान और संवेदना में होती है। इस सोच की ओर लौटने की राह बताने वाली शिक्षा की आज सबसे अधिक जरूरत है।**

बड़ा सैलरी पैकेज पाने की चाह जगा कर बाज़ार ने शिक्षा का भी व्यवसायीकरण कर दिया है। अब शिक्षा संस्थान प्लेसमेंट एजेंसी बन गए हैं। ऐसे संस्थान खुद विज्ञापन में बताते हैं – हमारे छात्रों को इतना लाख का औसत पैकेज मिला। ज्ञान, शोध या बौद्धिकता का मूल्य घट गया है। विद्यार्थी किताबों में नहीं, बल्कि इंटरव्यू क्रैक करने की ट्रिक्स में दिलचस्पी लेने लगे हैं। यही कारण है कि शिक्षा अब एक निवेश बन चुकी है, जो सिर्फ बड़े पैकेज का रिटर्न चाहती है। ऐसे में स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि इसका समाधान क्या है? जवाब में गांधी याद आता है। इस प्रपंच से बाहर निकलने का रास्ता है – मूल्य आधारित सोच की ओर लौटना तथा समझना कि सैलरी जीवन का हिस्सा है, उद्देश्य नहीं। युवाओं को यह सिखाना होगा कि सफलता का अर्थ आत्मसंतोष, योगदान और नैतिक उपलब्धि भी है। सरकार और समाज को भी शिक्षा और रोजगार की नीतियों में संतुलन लाना होगा। सिर्फ पैकेज नहीं, बल्कि कार्य संतुष्टि, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक योगदान को भी प्राथमिकता देनी होगी। यह समझने की जरूरत है कि सैलरी पैकेज का यह मोहजाल भारतीय मध्यम वर्ग को धीरे-धीरे आत्महीन, उपभोगी और असंतुष्ट बना रहा है। खुला बाज़ार हमें यह विश्वास दिला चुका है कि पैसा ही शक्ति है, जबकि असली शक्ति आत्मसम्मान, ज्ञान और संवेदना में होती है। इस सोच की ओर लौटने की राह बताने वाली शिक्षा की आज सबसे अधिक जरूरत है। यह याद रखना होगा कि पैकेज जीवन की गारंटी नहीं देता, बल्कि कई बार वह हमें एक दिखावटी दौड़ में धकेल देता है जहां जीतने वाला भी थका हुआ होता है। भारतीय समाज को इसे पहचानना होगा और अपने युवाओं को यह सिखाना होगा कि सच्ची सफलता वह है जहां हम अपने काम, अपने मूल्यों और अपनी आत्मा से संतुष्ट हों – न कि जहां हमारी कीमत कंपनी की 'कॉस्ट शीट' में लिखी जाए। यह समय है कि हम बाज़ारजनित इस चमकदार भ्रम से बाहर निकलकर जीवन की सच्ची रोशनी को पहचानें क्योंकि पैसा ज़रूरी है, पर इंसानियत उससे कहीं ज़्यादा कीमती होती है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# हमारे बच्चों के लिए, हमसे अच्छा कौन है....



कुमार अजय

अखबार में लुधियाना से एक रिपोर्ट है कि बच्चों पर जासूसी बढ़ रही है और बच्चों की आदतों, दोस्तों और रोजमर्रा की गतिविधियों पर निगरानी के लिए मां-बाप प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ले रहे हैं। अभिभावकों की चिंता है कि बच्चा नशे की लत में न पड़ जाए या किसी गलत रिश्ते में न फंस जाए। चिंता कहीं न कहीं जायज भी है लेकिन सवाल है कि अपनाया जा रहा उपाय कितना जायज है। एक स्तर तक बच्चों की निगरानी तो हमेशा से ही चलती आई है लेकिन इसका इस स्तर तक पहुंचना चिंताजनक है। ज्यादातर अभिभावक तय नहीं कर पा रहे हैं कि उन्हें बच्चों के साथ किस तरह पेश आना चाहिए।

इन्हीं दिनों हमने देखा कि महज नौ साल की एक बच्ची ने स्कूल में किसी बात पर नाराज होकर आत्महत्या कर ली। आज का ही अखबार कह रहा है कि बीकानेर के एक गांव में झोपड़ी में आग लगने पर एक पांच वर्षीय अबोध बालक ने आग से बचने के लिए झोपड़ी में ही पड़ी लोहे की टंकी में शरण ली और झुलस कर मर गया। बच्चा अकेला था और उसे आग से बचने का यही उपाय समझ आया। पिछले ही दिनों, फ्लैट में दम घुटने से कोटा में बाल अभिनेता सहित दो बच्चों की मौत की खबर का हमने सामना किया ही है। परसों-तरसों ही खबर थी कि धौलपुर में एक तेरह साल के बेटे को पिता ने मोबाइल पर गेम खेलने से रोका तो उसने आत्महत्या कर ली। दुर्भाग्य से, इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। कहने वाले कहते हैं कि घटनाएं हमेशा होती थी, अब रिपोर्टिंग बढ़ गई है लेकिन यह कहना वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा ही है।

दुर्घटनाएं समाज में किसी न किसी रूप में हमेशा रही हैं लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार से ये घटनाएं हो रही हैं, कहीं न कहीं सोचने को विवश करती ही हैं। पैरेंटिंग जैसा सरल-सहज विषय लोगों के लिए एक बड़ा तनाव बन गया है और अधिकतर लोग इसे ठीक-ठीक तय नहीं कर पा रहे हैं। जिन्होंने तय कर लिया है, वे गलत साबित हो रहे हैं। सच यह है कि जिसे हमने सुविधा समझ लिया है, वही हमारी बड़ी दुविधा बन गया है। परिवार और पड़ोसी हमारी सामाजिक व्यवस्था के दो बड़े स्तम्भ थे, वे आज खत्म हो गए हैं। हम में से अधिकतर मजबूरीवश या प्राथमिकतावश एकल परिवार में रहते हैं। वरना हमारे बुजुर्ग बच्चों की परवरिश और निगरानी इतनी सहजता से कर लेते थे कि मां-बाप को बच्चों की परवरिश के बारे में खयाल ही तब आता था, जब बात उनके बच्चों के बच्चों यानी तीसरी पीढ़ी की परवरिश तक आ पहुंचती थी। दादा-दादी या नाना-नानी मुफ्त में यह सारा काम करते थे और वह भी खुशी-खुशी लेकिन नई पीढ़ी इस नेमत से तो वंचित ही है। दादा-दादी तो आज खुद अकेलेपन में जीवन काट रहे हैं और कामकाजी मां-पिता को अब इतना समय नहीं है और सच कहें तो इतनी समझ भी नहीं है कि कैसे बच्चों को एक सहज जीवन उपलब्ध हो। जिन स्कूलों में हमने अपने बच्चों को भर्ती कर दिया है, वहां की पढ़ाई हम तो समझते ही नहीं। मोबाइलों में गुम बच्चे क्या कर रहे हैं और क्या सीख रहे हैं, इसकी जानकारी भी रहे तो नियंत्रण असंभव-सा है क्योंकि वास्तव में मोबाइल किसी भी नशे या रिश्ते से ज्यादा एडिक्ट बनाने वाला उपकरण हैं। बचपन में जब दादा-दादी या नाना-नानी नहीं हैं तो फिर मोबाइल ही एकमात्र सहारा है जो बच्चों को थोड़ी देर थामता है और हमें बच्चों से थोड़ी देर फुर्सत दिलाता है। हमारी यह सुविधा बच्चों के लिए एक दिन एडिक्शन बन जाती है और हमारे लिए दुविधा लेकिन हमें जब तक समझ आता है, तब तक ट्रेन निकल चुकी होती है। बार लगता है कि विकास के नाम पर इस तरह से एक्सीलरेटर दबा दिया है कि अब ब्रेक भी एक्सीडेंट का कारण ही बनना है।

विडंबना है कि हम अपने जीवन में जो-जो बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन पाए, वह सब बच्चों को बनाना चाहते हैं। जो करना चाहते थे और नहीं कर पाए, वह बच्चों से उम्मीद करते हैं। बच्चे वह कल्पवृक्ष और कामधेनु और अलादीन के चराग बन जाएं कि हमें जो चाहिए, उसे पूरा करते रहें। आखिर हम क्यों नहीं समझते कि प्रकृति ने हर किसी को एक सहज प्रवृत्ति दी है, प्रतिभा दी है, स्वभाव दिया है, गति दी है। थोड़ा हमें उस पर भी तो यकीन करना चाहिए। हम बच्चों की तुलना उनके हमउम्र दुनियाभर के प्रतिभावान और एडवांस बच्चों से करते हैं लेकिन हम अपने आसपास उन लोगों को नहीं देखना चाहते जो बचपन में सामान्य या सामान्य से कम रहे, लेकिन आज सफल एवं सुखी जिंदगी जी रहे हैं। या उन्हें नहीं देख पा रहे जो बचपन में बहुत एडवांस रहे लेकिन अब एक औसत जीवन जी रहे हैं। इतिहास में ऐसे बहुतेरे उदाहरण है लेकिन कमबख्त हमारे ही दिल को चैन नहीं। मुझे इस मामले में उत्कृष्ट बाल प्रतिभा तथागत अवतार तुलसी की याद आती है कि कैसे उन्होंने 12 साल की उम्र में एमएससी कर ली थी और बाद में कैसे दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से उनकी नौकरी तक समाप्त हो गई।


बेहतरी के लिए सतत प्रयास करना, अपने बच्चों के लिए ऊजळे भविष्य के सपने देखना गुनाह नहीं है लेकिन अपने बच्चों के खुद के सपनों का गला घोंट देना या उनकी क्षमता देखे बिना उन्हें भगाकर मार देना बड़ा गुनाह है। प्रकृति की व्यवस्था को न समझना या उस पर जरा भी यकीन नहीं करना गुनाह है। अपने बच्चों को समय नहीं देना, उनसे संवाद नहीं रखना, उन पर एक सामान्य स्तर पर भरोसा नहीं करना और अपनी दमित इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को उन पर थोप देना अपराध है। हमें आखिर सोचना ही चाहिए कि यदि घर में कुछ और सदस्य हों जो ऑलरेडी घर के ही सम्मानित सदस्य हैं और जिनके कारण यह घर है, तो हमारा क्या घट जाएगा।

हमें यह सोचना ही होगा कि हमारे पास थोड़ा और समय हमारे बुजुर्गों और बच्चों के लिए हो तो हमारा क्या चला जाएगा। आखिर क्यों हमारे बच्चे इतना घुट जाते हैं कि उन्हें अपनी बात कहने के लिए कोई नहीं मिलता और वे फंदों पर झूल जाते हैं। आखिर क्यों कोई नौ साल की बच्ची अपनी छुटपुट तकलीफ के लिए चौथी मंजिल से कूदकर हमारे लिए सवाल ही सवाल छोड़ जाती है। आखिर क्यों कोई पांच साल का बच्चा घर में अकेला है और झोपड़ी में आग लगने पर नहीं समझ पाता कि टंकी में नहीं घुसना, मौत को गले लगा लेना है। हमारी अपनी नौकरी और हमारा अपना व्यवसाय जरूरी है लेकिन ये सब जिंदगी के लिए है, जिंदगी उसके लिए नहीं है। आखिर तो हम सभी का सपना एक सुखी, सरल और सहज जिंदगी ही होना चाहिए। हमें अपने बच्चों के साथ बैठना शुरू करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कैसे उन्हें एक सोशल मीडिया से दूर एक सामाजिक माहौल मिले, जिसमें उनका भीतरी और बाहरी अकेलापन दूर हो।

हमें ही उन्हें बताना होगा कि किस तरह की समस्याओं के क्या समाधान हैं और जिंदगी का कोई विकल्प ही नहीं है। मां-बाप से बड़ा और कौन प्राइवेट डिटेक्टिव होगा जो बच्चों के रूझान और समस्याओं को डिटेक्ट करे और उनका समाधान भी उन्हें दे।

**कुमार अजय,**
**उपनिदेशक सूचना एंव जनसंपर्क विभाग।**

# देश में मधुमेह की रफ्तार दोगुनी, हर दसवां भारतीय बीमार



देवेंद्र सिंह

मधुमेह केवल शुगर लेवल बढ़ने की समस्या नहीं, बल्कि हृदय, किडनी और मस्तिष्क संबंधी गंभीर जटिलताओं का कारण भी बनती जा रही है। आधुनिक जीवनशैली, तनाव और गलत खानपान इसके मुख्य कारण हैं। समय रहते जागरूकता और जीवनशैली सुधार ही इस बढ़ती महामारी पर लगाम का सबसे प्रभावी उपाय हैं।

हाल ही में जारी अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (आईडीएफ) की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 589 मिलियन वयस्क मधुमेह से पीड़ित हैं, जबकि 252 मिलियन लोगों को इस बात से बिल्कुल अनभिज्ञ है कि वे इस बीमारी की गिरफ्त में हैं। वहीं भारत में भी हर दसवां वयस्क डायबिटीज का रोगी है। ऐसे में मधुमेह यानी डायबिटीज अब केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि एक मौन महामारी बन चुकी है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि स्थिति पर तुरंत नियंत्रण नहीं पाया गया, तो 2050 तक भारत में मधुमेह रोगियों की संख्या 15.7 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती होगी।

आईडीएफ की रिपोर्ट के अनुसार, वयस्कों में मधुमेह की दर 11.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। मधुमेह केवल शुगर की समस्या नहीं, बल्कि यह शरीर के अन्य अंगों हृदय, किडनी, आंखों और मस्तिष्क पर गहरा असर डालती है। दुनिया के साथ भारत में भी स्थिति चिंताजनक है। देश में फिलहाल लगभग 89 मिलियन लोग डायबिटीज से जूझ रहे हैं, जबकि 50 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिन्हें ये तक नहीं पता कि वे डायबिटीज से ग्रसित हैं। यह आंकड़ा तब और भयावह लगता है, जब यह जानने को मिलता है कि यह रोग अब बड़ों के साथ बच्चों और किशोरों में भी तेजी से फैल रहा है।

वर्ष 2024 में मधुमेह संबंधी स्वास्थ्य व्यय पहली बार एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से पार गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मधुमेह जीवन भर साथ रहने वाली बीमारी है। एक बार इसके चपेट में आने के बाद इसे नियंत्रित करना ही एकमात्र उपाय रह जाता है। वहीं राजस्थान में स्थिति और भी चिंताजनक है। इस वर्ष के अंत तक राज्य में मधुमेह रोगियों की संख्या दस लाख तक पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य में मधुमेह का प्रसार लगभग 10 प्रतिशत है, जबकि सिर्फ पिछले दस महीनों में छह लाख नए मामले सामने आए हैं। यह इस बात का संकेत है कि बीमारी कितनी तेजी से पैर पसार रही है।

देश के अन्य राज्यों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। गोवा में डायबिटीज की दर 26.4 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है। पुडुचेरी 26.3 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। केरल 25.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में यह दर 4.8 प्रतिशत है, लेकिन यह तेजी से बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अब इस बीमारी की दर में कोई खास अंतर नहीं बचा है। यह धारणा पूरी तरह टूट चुकी है कि मधुमेह केवल शहरी जीवनशैली की देन है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, देश के केवल सात प्रतिशत मरीज अपनी बीमारी को लेकर गंभीर हैं और इसे नियंत्रण में रखने के लिए सभी चिकित्सकीय सलाहों का पालन करते हैं। बाकी 93 प्रतिशत मरीज या तो अपनी बीमारी को हल्के में लेते हैं या उसकी गंभीरता से अनजान रहते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर जटिलताओं को जन्म देती है।

मधुमेह के साथ हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और किडनी फेल्योर जैसी समस्याएं जुड़ी रहती हैं। इस बीमारी से पीड़ित लोगों में साइलेंट हार्ट अटैक का खतरा कई गुना अधिक होता है। अनुसंधान बताते हैं कि जो व्यक्ति मधुमेह से मुक्त हैं, उनमें दिल का पहला दौरा पड़ने पर मरने की संभावना 20 प्रतिशत होती है, जबकि मधुमेह रोगियों में यह संभावना 80 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। अब मधुमेह केवल बुजुर्गों या मध्यम आयु वर्ग तक सीमित नहीं रहा। यह युवाओं और किशोरों तक पहुंच चुका है। 12 से 13 वर्ष के बच्चों में टाइप-2 डायबिटीज के मामले सामने आना बेहद चिंताजनक है। आधुनिक जीवनशैली, जंक फूड, स्क्रीन टाइम और तनाव ने इस बीमारी को युवाओं में भी आम बना दिया है। यदि समय रहते जीवनशैली में बदलाव नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में डायबिटीज सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती के रूप में सामने आएगा।

आईडीएफ की रिपोर्ट बताती है कि 2024 में दक्षिण-पूर्व एशिया में मधुमेह से 3,74,000 मौतें हुईं, जिनमें से 3,34,922 अकेले भारत में दर्ज की गईं। इसके अलावा, किडनी से जुड़ी बीमारियों के कारण लगभग 5.3 लाख लोगों की मृत्यु हुई। उच्च रक्त शर्करा अब 11 प्रतिशत हृदय संबंधी मौतों का कारण बन चुका है। फिलहाल भारत में मधुमेह के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो 2050 तक यह संख्या 15.7 करोड़ को पार कर जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मधुमेह की वजह से होने वाली अधिकांश मौतें रोकी जा सकती हैं। वर्ष 1922 में इंसुलिन की खोज के बाद इस बीमारी के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। पहले इसे केवल अग्न्याशय की बीटा कोशिकाओं की गड़बड़ी से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब यह समझ विकसित हो चुकी है कि जीवनशैली और खानपान इसके मुख्य कारण हैं।

1995 के बाद से बाजार में कई नई दवाएं आई हैं, जो मधुमेह को नियंत्रित करने में काफी सहायक हैं, लेकिन यह नियंत्रण तभी संभव है, जब रोगी नियमित दवा ले और स्वयं अनुशासित जीवन अपनाए।

मधुमेह के लक्षण अक्सर धीरे-धीरे प्रकट होते हैं। बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, लगातार भूख लगना, थकान, वजन में कमी, दृष्टि धुंधलापन और घाव का देर तक न भरना इसके प्रमुख संकेत हैं। सरकार को चाहिए कि इन लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाए, ताकि लोग समय रहते चिकित्सकीय सलाह ले सकें। आज भी देश के आधे से अधिक रोगी बीमारी की जानकारी न होने या अनदेखी के कारण देर से इलाज शुरू करते हैं, जब तक स्थिति गंभीर हो चुकी होती है।

विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार माथुर का कहना है कि आधुनिक जीवनशैली में बदलाव ही मधुमेह पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी उपाय है। नियमित व्यायाम, पैदल चलना, योग, साइकिल चलाना, संतुलित भोजन और तनाव पर नियंत्रण से डायबिटीज का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। मोटा अनाज, फल, हरी सब्जियां, प्रोटीन और प्राकृतिक वसा से भरपूर आहार, मीठे पेय पदार्थों और जंक फूड से परहेज अनिवार्य है। पर्याप्त नींद, धूम्रपान और शराब से दूरी भी जरूरी है। मधुमेह की रोकथाम केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक और सरकारी प्रयास का हिस्सा भी होनी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना, नियमित हेल्थ स्क्रीनिंग करना और गांवों तक जागरूकता अभियान पहुंचाना जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत आज से ही इस समस्या को गंभीरता से ले, तो न केवल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि आने वाले दशकों में यह मौन महामारी थामी भी जा सकती है।

**–देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

# जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश के कई जिलों का चयन


- **जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तृतीय श्रेणी में अलवर जिले का चयन हुआ**
- **प्रथम श्रेणी में चयनित हुए भीलवाड़ा और बाड़मेर जिलों को दो करोड़, द्वितीय श्रेणी में चयनित जयपुर और उदयपुर को एक करोड़ का पुरस्कार मिलेगा**

**अलवर,** (निसं)। जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तृतीय श्रेणी में अलवर जिले का चयन हुआ है, जिसमें 25 लाख रूपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2025 प्रथम जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 18 नवम्बर को प्रदान करेंगी। यह जल शक्ति अभियान 'वर्षा जल संचयन' (कैच द रेन) के तहत जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) के अंतर्गत प्रमुख समुदाय-संचालित कार्यक्रम है। राजस्थान का चयन देश के तीन सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तृतीय श्रेणी में किया गया है। इस कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रथम श्रेणी में चयनित हुए भीलवाड़ा और बाड़मेर जिलों को 2 करोड़ रुपये, द्वितीय श्रेणी में चयनित जिले जयपुर और उदयपुर को 1 करोड़ रूपये तथा तृतीय श्रेणी में अलवर जिले सहित डूंगरपुर, बारां, चित्तौड़गढ़ और सीकर जिसमें 25 लाख रूपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल जमीनी स्तर पर जल प्रबंधन सहभागिता और सतत जल प्रशासन को बढ़ावा देती है। इन जल संरचनाओं में भवनों की छतों पर वर्षा जल संचयन के साथ ही झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनरुद्धार करना शामिल है। इस पहल के तहत राज्यों को पांच क्षेत्रों में विभाजित कर कम से कम दस हजार कृत्रिम पुनर्भरण और जल भंडारण संरचनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के जिलों के लिए यह लक्ष्य तीन हजार है, जबकि देश भर के नगर निगमों के लिए यह दस हजार का लक्ष्य है। शहरी जल संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल शक्ति मंत्रालय के साथ साझेदारी की है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 12 नवम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, आश्लेषा नक्षत्र सायं 6:35 तक, शुक्ल योग प्रात: 8:02 तक, बालव करण दिन 11:04 तक, चन्द्रमा आज सायं 6:35 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज श्री काल भैरवाष्टमी, कालाष्टमी, प्रथमाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:29 तक, शुभ 10:50 से 12:11 तक, चर 2:52 से 4:13 तक, लाभ 4:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:48, सूर्यास्त 5:34

**मेष**
घर-परिवार में परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में आज महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आज परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक एवं विवादित कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि हो सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मकर**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा एवं उचित सोच-विचार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

## सार-समाचार

### टेनिस प्रतियोगिता जारी

**कोटा,** (निसं)। चार दिवसीय टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मैच का प्रारंभ चार्टर एकाउंटेंट मनोज विजयवर्गीय एवं डॉ विपिन योगी के द्वारा किया गया। आज प्रतियोगिता के अहम मुकाबले कराए गए जिसके अंदर छोटे बालक एवं बालिकाओं ने गजब का रोमांचक प्रदर्शन किया। सचिव अनिल आनंद ने बताया की प्रतियोगिता पहली बार इतने करे संघर्ष से खेली जा रही है। खिलाड़ियों के लिए केले इत्यादि की व्यवस्था भी की गई है। राष्ट्रीय मैच रेफरी अमृतेश कुमार के अनुसार आज के परिणाम किस प्रकार हैं बालक एवं बालिका अंडर 8-सेमी फाइनल में आर्य ने जसराज को 3-1 से जबकि दूसरे सेमीफाईनल में मानवीत ने वेदिका को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां फाइनल में आर्य ने मानवीत को 3-0 से हराकर खिताब जीता। एवं वेदिका ने जसराज को 3-0 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार प्रथम स्थान आर्य, द्वितीय स्थान मानवीत एवं तृतीय स्थान वेदिका का रहा। अपकमिंग अंडर 12 बॉयज सेमीफाईनल में सक्षम ने पूरब को 6-0 से, जय ने आर्यन को 6-0 से, जय ने सक्षम को 6-0 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। जहां हरिओम ने जय को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-5 से हराकर खिताब जीता।

### कोटा डेवलपमेंट फोरम का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कोटा डेवलपमेंट फोरम द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह विजय भारत भवन स्टेशन रोड़ पर बड़े हर्षोल्लाह से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन कर वंदना से हुई जिसमें संस्थापक अध्यक्ष डॉ.टी.सी मेहता उपाध्यक्ष, कल्पना शर्मा और महासचिव आशा शर्मा ने शुभारंभ किया। संगीत नृत्य और हंसी खुशी से सजे इस कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नव-सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संचालन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर भगवत वर्मा, सांस्कृतिक सचिव दीपक त्यागी, राजकमल एरन, राजेंद्र वाधवा और कंचन ठाकुर ने सक्रिय योगदान दिया। प्रतिभागियों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम का समापन महासचिव आशा शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि अतिक्रमण प्रभारी तरुणकांत सोमानी के निर्देशन में नगर निगम कोटा क्षेत्र में "15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान" के तहत आर्मी रोड़ एवं स्टील ब्रीज एवं मोहन टॉकीज रोड़ पर फूटपाथों पर हो रहें अतिक्रमण को अतिक्रमण सहप्रभारी हनुमाना राम कनिष्ठ अभियन्ता व अतिक्रमण जाप्ता प्रभारी संजीव कुमार मय अतिक्रमण निरोधक दस्ता एवं नयापुरा थाने के जाप्ते द्वारा हटाया गया। पूर्व में कई मर्तबा नगर निगम के द्वारा समझाईश की जा चूकी थी। वहां पर हो रहे अतिक्रमण को हटाते हुए दौबारा अतिक्रमण न करने हेतु एवं क्षेत्र के सभी दुकानदारों से मुनादी कर समझाईश की गई एवं अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

### लापरवाही बरतने पर बीएलओ निलंबित

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत कार्य में लापरवाही बरतने पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र रामगंजमण्डी के भाग संख्या 192 के बूथ लेवल अधिकारी मनीष धाकड़ को निलंबित कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुसार कार्मिक के द्वारा बीएलओ संबंधित कार्य नहीं करने से वर्तमान मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में विलम्ब हो रहा है। कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के कारण प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्मिक धाकड़ को तुरंत प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

# 'समस्या में छिपे अवसरों को पहचानें, विचारों को ठोस रूप दें'

■ आईस्टार्ट आईडियाथॉन विद्यार्थियों ने रखे नवाचारपूर्ण विचार

**कोटा,** (निसं)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग आईस्टार्ट राजस्थान के तहत राज्यस्तरीय आईस्टार्ट आईडियाथॉन प्रतियोगिता का कोटा संभागीय फिनाले इंजीनियर्स भवन सभागार, कोटा में मंगलवार को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर पीयूष समारिया रहे। मुख्य अतिथि समारिया ने कहा, राजस्थान सरकार युवाओं के लिए नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप्स के नए अवसर सृजित कर रही है। यह आवश्यक है कि विद्यार्थी समाज की समस्याओं को केवल समस्या न समझें, बल्कि उनमें छिपे अवसरों को पहचानें और अपने विचारों को ठोस रूप दें। अथक परिश्रम ही सार्थक परिवर्तन का आधार है।

आरटीयू रजिस्ट्रार भावना शर्मा ने कहा यह प्रतियोगिता अनुसंधान, नवाचार और नेतृत्व की भावना को प्रोत्साहित करती है। फिनाले राउंड में विद्यार्थियों ने तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, फिनटेक एवं सामाजिक नवाचार से संबंधित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कई टीमों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग, ऑटोमेशन और ग्रीन इनोवेशन पर अपने अनोखे आइडिया प्रस्तुत किए।

प्रथम पुरस्कार स्लीप डिटेक्शन डिवाईस ग्लास 7वीं कक्षा के छात्र की टीम, द्वितीय पुरस्कार ओरा मॉनिटर टेक्नोलॉजी-जीपीसी कोटा की टीम, तृतीय पुरस्कार वेंडिंग मशीन ऑटोमेशन विद्याश्रम स्कूल की टीम रही। विजेताओं को क्रमशः 25,000, 15,000 और 10,000 रुपये के चेक प्रदान किए गऐं। स्वागत भाषण में स्किलोनशन एडटेक प्रा.लि. के संस्थापक एवं सीईओ राघव शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सारथी की भूमिका में विद्यार्थी हैं एवं राजस्थान के युवाओं में नवाचार की असीम क्षमता है। आईस्टार्ट आईडियाथॉन पहल ने न केवल विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ रहा हैं, बल्कि उन्हें अपने विचारों को हकीकत में बदलने की प्रेरणा भी दी जा रही हैं।

डीओआईटी के अतिरिक्त निदेशक महेन्द्र पाल, उप निदेशक मनोज मीणा, ओम कोठारी इंस्टीट्यूट निदेशक, अमित सिंह, धीरेन्द्र जैन (प्रेसिडेंट, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स), जीपीसी के नीरज, मैंटर कौस्तुभ भट्टाचार्य, आयुष त्यागी एवं राघव शर्मा (फाउंडर, स्किलोनशन एडटेक प्रा. लि.) शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से चयनित टीमों ने अपने नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। जूरी पैनल में हरिमोहन शर्मा (जीएम, डीआईसी), राजेंद्र सिंह (असिस्टेंट डायरेक्टर, डीएसटी), सोमवीर तायल (फाउंडर,टुट्रेन), प्रो. आनंद अग्रवाल (ट्रिपल आईटी कोटा) और नीलकमल राठौर (इंचार्ज, एंटरप्रेन्योरशिप सेल, गवर्नमेंट कॉलेज कोटा) शामिल थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में संदीप, आदर्श, छात्र स्टार्टअप फाउंडर आर्यन, डीओ आईटी टीम, आरकेसीएल टीम, स्किलोनशन टीम एवं अन्य वॉलंटियर्स का विशेष योगदान रहा।

## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, कोटा में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (सिटी) एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कोटा दक्षिण (190) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश गौतम, बी.एल.ओ. ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टॉफ सदस्यों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान गौतम ने विद्यार्थियों को बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहिए तथा मतदाता पहचान पत्र में किसी भी त्रुटि या परिवर्तन हेतु समय पर आवेदन करना आवश्यक है। उन्होंने सभी को मतदाता के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अनिल सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सफलता का मूल आधार जागरूक मतदाता हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में योगदान देना चाहिऐं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे तथा उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में प्राचार्य ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा दिवाली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रारंभ में संस्थागत गतिविधियां सर्व धर्म प्रार्थना, राष्ट्रगीत, पिछली मीटिंग के मिनट्स और सदस्यों के जन्मदिवस/वैवाहिक वर्षगांठ पर शुभकामनाओं का कार्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष टी पी एस सेठी ने बताया कि दिवाली मिलन समारोह में गणेश वंदना से प्रारंभ कर, कई मनोरंजक कार्यक्रम रखे गए जिसमें गायन, वादन, नृत्य और स्किट शामिल किए गए। महासचिव डीके अरोड़ा ने बताया कि रावण वध और अयोध्या में श्रीराम, देवी सीता, भ्राता लक्ष्मण और राम भक्त हनुमानजी के स्वागत का सदस्य कलाकारों द्वारा मंचन, चरी नृत्य आदि प्रस्तुतियों को काफी सराहा गया। कार्यक्रम में आकर्षण के लिए कई सर्प्राइज प्राईजेस रखे गए। कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि भाटिया एंड कंपनी के प्रेम भाटिया, एलबीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कुलदीप माथुर का अध्यक्ष सेठी और एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एनएस कपूर और राम मदनानी द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बानी सेठी ने किया।

### रेत से भरी हुई अवैध ट्रैक्टर-टॉली जप्त

**कोटा,** (निसं)। अयाना पुलिस टीम ने अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए काली रेत से भरी अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अयाना क्षेत्र में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के लिये पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी के सुपरविजन में अयाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी उम्मेद सिंह के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि अयाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी ने मय जाप्ता सोमवार देर रात्रि को पार्वती नदी में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम हेतु चैकिंग की।

## कार्यालयों का निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त सीएडी चम्बल कोटा कुशल कुमार कोठारी ने सोमवार को सीएडी परिसर में संचालित अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 15 अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी निर्धारित सीट से नदारद पाए गए।

अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त ने इस संबध में कार्यालयध्यक्षों को अधीनस्थ कार्मिकों को कार्यालय समय पर अपने निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए।

## रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया

■ निगम भवन में हुआ राष्ट्रगीत का गायन

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे वंदे मातरम् 150 एवं स्वदेशी संकल्प के तहत नगर निगम कोटा द्वारा मंगलवार को महिलाओं की रैली, मोटरसाइकिल रैली, श्रमदान और शहीदों के परिजनों को सम्मान का आयोजन किया गया।

इस अवसर स्वदेशी के उपयोग एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया गया है। आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि मंगलवार सुबह नगर निगम भवन से गांधी उद्यान तक महिलाओं की रैली और मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया गया। हाथ में तिरंगे झंडे लिए महिलाएं वंदेमातरम् का जयघोष और देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रही थी।

वहीं मोटरसाइकिल रैली भी शामिल युवा भी तिरंगा झंडे अपने हाथों में लिए हुए थे। इनको देखकर सड़क से गुजर रहे कई अन्य लोग भी रैली में शामिल हो गए। गांधी उद्यान पहुंचने के बाद सभी ने श्रद्धेय बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संकल्प भी लिया।

इसके बाद रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश बिरला के नेतृत्व में गांधी उद्यान से मौजीबाबा की गुफा तक श्रमदान भी किया गया।

**निगम भवन में हुआ राष्ट्रगीत का गायन:**- आयुक्त मेहरा ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे लाडपुरा विधायक कल्पना देवी के नेतृत्व में निगम भवन में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। निगम अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आमजन ने भी राष्ट्रगीत गाते हुए मां भारती का वंदन किया। इसके बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने सभी स्वदेशी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का शपथ दिलवाई।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। ओल्ड हाडेंद्र कॉलेज परिसर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बूंदी में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में खेल भावना, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के संयोजक निर्मल मालव ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथिं सभापति सरोज अग्रवाल रही तथा अध्यक्षता महिला मोर्चा की अध्यक्ष नूपुर मालव ने की। इस दौरान, विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व सभापति महावीर मोदी, वार्ड पार्षद आशीष शर्मा, वार्ड पार्षद मानस जैन, शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, संस्था प्रधान राजेंद्र मथुर, एवं वार्ड पार्षद नवीन सिंह मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रतिभागी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा शक्ति में ऊर्जा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। विशेष धन्यवाद अंकुर निंबार्क द्वारा व्यक्त किया गया, जिन्होंने आयोजन के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अंकुर निंबार्क ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बूंदी जैसे ऐतिहासिक नगर में इस प्रकार के आयोजन से खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी।

## दो महिलाओं के नेत्रदान संपन्न

**कोटा,** (निसं)। शाईन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र, सागर पिपलानी ने कल सूचना देकर बताया कि, उनके न्यू कॉलोनी गुमानपुरा निवासी,करीबी मित्र गुंजन कोहली की माताजी वीना कोहली का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हुआ हैं। सागर की समझाईश पर बेटे गुंजन ने पिता शक्ति कोहली से माता जी के नेत्रदान करवाने की इच्छा जाहिर की, जिसके उपरांत शाईन इंडिया के सहयोग से निवास स्थान पर ही नेत्रदान संपन्न हुआ। इसी क्रम में, कल देर रात, संस्था के अन्य ज्योति मित्र सुरेंद्र सिंघवी ने सूचना दी की उनकी अग्रसेन बाजार निवासी भाभी राजकुमारी जैन पत्नी एडवोकेट तेजमल जैन का आकस्मिक निधन हुआ है और नेत्रदान को परिवार में परंपरा बनाते हुए सभी की सहमति से परिजन नेत्रदान करवाना चाहते हैं। पूर्व में संस्था के माध्यम से, राजकुमारी के जेठ कन्हैया लाल सिंघवी और चाची सास प्रेम बाई का भी मरणोपरांत नेत्रदान संपन्न हुआ था। बेटे एडवोकेट आशीष की सहमति की बाद राजकुमारी जैन का नेत्रदान हुआ।


**IFFCO** पूर्णतः सहकारी स्वामित्व Wholly owned by Cooperatives

**किसान भाइयों से अपील**

International Year of Cooperatives 2025

किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।

**टोल फ्री न. : 1800 103 1967**

मुख्य प्रबंधक
जनसम्पर्क



**सार्वजनिक सूचना** — सितारा सेवा की पहल



पंकज जैन

**सेवा समाप्ति सूचना - श्री पंकज जैन (कर्मचारी आईडी : SGR620)**

**प्रेषक : (सितारा) सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

यह सूचित किया जाता है कि **श्री पंकज जैन**, जो **कोटा** में एरिया कलेक्शन मैनेजर के रूप में कार्यरत थे **(कर्मचारी आईडी: SGR620)**, को **13 सितम्बर 2025** से **(सितारा) सेवा गृह ऋण लिमिटेड** की सेवाओं से हटा दिया गया है।

**श्री पंकज जैन** अब कंपनी की ओर से किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व, संग्रहण या कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, जिसमें EMI, फोरक्लोजर राशि या अन्य कोई वित्तीय लेन-देन शामिल है।

सभी ग्राहकों और संबंधित पक्षों को कड़ाई से सलाह दी जाती है कि वे श्री पंकज जैन को कोई भी भुगतान या वित्तीय लेन-देन न करें। ऐसा कोई भी लेन-देन अधिकृत नहीं माना जाएगा और उसके लिए भुगतानकर्ता **स्वयं उत्तरदायी होगा**, तथा **(सितारा) सेवा गृह ऋण लिमिटेड** किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या उत्तरदायित्व नहीं लेगी।

कृपया ध्यान दें कि इस सेवा समाप्ति की जानकारी **SMS** के माध्यम से पहले ही कोटा क्षेत्र के सभी संबंधित ग्राहकों को भेजी जा चुकी है। किसी भी प्रकार की जानकारी, सत्यापन या शिकायत हेतु कृपया ग्राहक सहायता से संपर्क करें: **ईमेल: customer.care@sgrlimited.in / complaints@sgrlimited.in** या **टोल-फ्री नंबर** 1800113909

**यह सूचना ग्राहक सुरक्षा और संस्थागत पारदर्शिता के हित में जारी की जा रही है।**

प्रकाशन तिथि: 12.11.2025

आदेशानुसार/कंपनी प्राधिकरण के तहत जारी
(सितारा ) सेवा गृह ऋण लिमिटेड


## वन्दे मातरम् एवं स्वदेशी संकल्प' थीम पर कोटा निगम ने श्रमदान किया

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नागरिकों में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने हेतु सम्पूर्ण राज्य में श्रृखलाबद्ध कार्यक्रम आयेजित किये जा रहे है। इसी क्रम में नगर निगम कोटा में "वन्दे मातरम/150 एवं स्वदेशी संकल्प" के अन्तर्गत आज नगर निगम के गेट नं.4 से गांधी उद्यान तक वन्दे मातरम् का प्रचार करते हुए पैदल मार्च एवं बाईक रैली का आयोजन किया गया तत्पश्चात गांधी उद्यान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजली एवं पुष्पांजली अर्पित की गई एवं वन्दे मातरम्/150 एवं स्वदेशी संकल्प' थीम पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् एवं राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया। उसके बाद वहां उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं कोटा निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किशोरपुरा मुक्तिधाम रोड़ पर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिक सहकारी बैंक के चैयरमैन राजेश बिरला, कोटा निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा, उपायुक्त जवाहर लाल जैन, अधीक्षण अभियंता महेशचन्द गोयल, स्वास्थ्य अधिकारी ऋचा गौतम एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


## पौधारोपण किया

**छबड़ा** (निसं)। भुवाखेड़ी स्थित खाटूश्याम गोशाला परिसर के पास प्रस्तावित खाटूश्याम मन्दिर परिसर में मंगलवार को पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरलाल नागर द्वारा की गई। इस पहल के तहत आम, जामुन, गुलाब सहित पीपल, शीशम और नींबू के पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण का यह कार्यक्रम अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र और ओशो आशीष ध्यान योग केंद्र के बैनर तले आयोजित हुआ।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN | RISING RAJASTHAN

**जयपुर की प्राइम लोकेशन जगतपुरा के रीको अपैरल पार्क में व्यवसायिक भूखंड की ई-नीलामी**

**भूखंड विवरण**
भूखंड संख्या- SPL-5 • मेन 200 फीट महल रोड पर (कॉर्नर प्लॉट)
क्षेत्रफल 5780 वर्ग मीटर




**ईएमडी**
प्रारम्भ तिथि : 13 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 27 नवम्बर, 2025 (सायं 6 बजे)

**ऑनलाइन बिड**
प्रारम्भ तिथि : 28 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 02 दिसम्बर, 2025 (सायं 5 बजे)

**आरक्षित मूल्य**
**₹2,15,000**
प्रति वर्ग मीटर

आवेदन के लिए स्कैन करें

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

विशेष शर्त: 20% बिल्ट-अप एरिया को GCC/IT/Co-working स्पेस के लिए 20 वर्ष तक किराए/लीज़ पर देना आवश्यक

राज.संवाद/सी/25/13573

**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005 • ई-नीलामी हैल्पलाइन - 0141 4593250, 4593237
वाट्सएप - 90013 06515 | riico.rajasthan.gov.in



**अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?**



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

**आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण**

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

**दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।**

**आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए**

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल **(https://udgam.rbi.org.in)** पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए **https://rbikehtahai.rbi.org.in** देखिए
प्रतिक्रिया के लिए **rbikehtahai@rbi.org.in** पर लिखिए
**आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935**

जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

# शराब के नशे में धुत्त चालक ने ईंटों से भरे ट्रक को दुकानों में घुसाया, लाखों का नुकसान

## ट्रक चालक ने बताया कि हरियाणा का कसोला चौक से शराब ली और रास्ते में पी थी, लेकिन किसी भी पुलिस थाने या चौकी द्वारा जांच नहीं की गई



आग लगने के बाद मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

- **बेकाबू ट्रक सर्किल से टकराता हुआ स्कूल की दीवार के साथ लगे अस्थाई दुकाननुमा लकड़ी के खोखों में जा घुसा, 15 खोखों में आग लगी, 30 लाख नुकसान हुआ**
- **चालक-परिचालक बाल-बाल बचे, पुलिस ने गिरफ्तार किया, तीन शहरों से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई**

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। सोमवार देर रात्रि को शराब के नशे में धुत्त चालक के रहते बेकाबू हुआ ईंटों से भरा ट्रक तोप सर्कल में टक्कर मारता हुआ अनियंत्रित होकर स्कूल की दीवार के साथ लगे अस्थाई दुकाननुमा लकड़ी के खोखों में जा घुसा। धमाके के साथ ट्रक व खोखों में आग लग गई। इस भयानक हादसे में ट्रक पूरी तरह जल गया। वहीं क्षतिग्रस्त हुए ट्रक के परखच्चे उड़ गए। वहीं इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

पुलिस प्रशासन की सूचना पर किशनगढ़ बास, खैरथल व तिजारा से पहुंची दमकल वाहन ने करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया और इस हादसे में बाल-बाल बचे शराब के नशे में धुत्त चालक व परिचालक को गिरफ्तार कर लिया। आग से 15 खोखों में करीब 30 लाख रुपए के रेडिमेड कपड़े व कॉस्मेटिक का सामान जलकर राख हो गया। बेकाबू हुए ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि खोखों के पीछे स्कूल की दीवार भी टूट गई।

जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात करीब 11:30 बजे बस स्टैंड के बाहर तोप सर्कल पास अलवर रोड की ओर से आ रहे ईंटों से भरा एक ट्रक तोप सर्कल को टक्कर मारते हुए सरकारी स्कूल की दीवार के साथ लगे अस्थाई दुकाननमा खोखों में टक्कर के बाद पलट गया व ट्रक में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह व पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गए। किशनगढ़ बास, खैरथल, तिजारा से आई दमकलों ने करीब 4 घंटे में आग पर काबू पाया। ट्रक चालक रफीक खान व खलासी हारून उर्फ मुन्ना रामगढ़ के गांव लाडपुर निवासी को मौके पर पहुंची पुलिस व लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया।

पुलिस ने बताया कि जींद हरियाणा के गांव नरवाला से सोमवार दोपहर एक रामगढ़ के गांव लाडपुर निवासी चालक रफीक खान पुत्र मोहम्मद खान व परिचालक हारून उर्फ मुनफेद मुन्ना पुत्र दीनू खा ट्रक में 12 हजार ईंटें भरकर अलवर के रामगढ़ के निवाली गांव में लेकर जा रहे थे। हादसे में 15 लोगों के अस्थाई खोखों में लगी आग से करीब 30 लाख का नुकसान बताया गया है, जिससे मिश्री देवी पत्नी हरिश्चंद्र, हरिश्चंद्र पुत्र सीताराम, गोपाल दास सिंधी पुत्र लीलाराम, विजय सिंह देव पुत्र रूपचंद, प्रियंका पत्नी फतेह सिंह, गजराज पुत्र खेमचंद, राजेश पुत्र मांगेराम, विमला देवी पत्नी बनवारी, केला देवी पत्नी रमेश चंद, छोटे लाल पुत्र प्रभु दयाल, रीना देवी पत्नी रविंदर, छोटा देवी पत्नी शेर सिंह, कमला देवी पत्नी रमेश, गजराज पुत्र रुपाराम आदि है।

चालक रफीक खान ने बताया कि हरियाणा का कसोला चौक से शराब ली और रास्ते में पी थी। कसौला चौक से किशनगढ़ बास तक शराब पीकर चालक ट्रक चला रहा था, लेकिन किसी भी पुलिस थाने या चौकी द्वारा जांच नहीं की गई जबकि पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान भी चल रहा है।

घटना स्थल पर खड़े सागरशाह व साहिल खान ने बताया कि अलवर रोड से तेजी से आ रहे ट्रक ने सर्किल पर पहुंचे अचानक ब्रेक लगाया। ब्रेक लगाते ही सर्कल से टकराते हुए ट्रक पलट गया और अस्थाई खो-खो में जा घुसा। पलटने के बाद ट्रक में आग लग गई। आग आसपास खोखों में फैल गई। ट्रक में फंसा चालक चिलाने लगा बचाओ बचाओ। हम लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला। थानाधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि ट्रक चालक व परिचालक को शराब के नशे में तेज गति व लापरवाही से ट्रक चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# सात साल पुराने हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**अलवर,** (निसं)। अलवर के एडीजे कोर्ट संख्या-1 ने सात साल पुराने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में मंगलवार को फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पवन और याकूब को उम्रकैद के साथ 20-20 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक नवनीत तिवारी ने बताया कि यह मामला 30 सितंबर 2018 का है। आरोपी अनिल का भाई सुनील कई दिनों से लापता था। अनिल ने अपने साथियों पवन और याकूब के साथ षड्यंत्र रचा कि सुनील जैसी कद-काठी वाले किसी युवक की हत्या कर उसकी लाश को सुनील बताकर इंश्योरेंस की रकम हासिल की जाए। इसी योजना के तहत तीनों ने अलवर स्थित महावीर ढाबे पर काम करने वाले 24 वर्षीय रामकेश को चुना, जिसकी कद-काठी सुनील से मिलती-जुलती थी। आरोपियों ने रामकेश से दोस्ती की और 30 सितंबर को बोलेरो में बिठाकर शहर में कपड़े-जूते दिलाए। बाद में सिलीसेढ़ के पास श्योदानपुरा में उसे शराब पिलाई और मिलकर उसकी हत्या कर दी। षड्यंत्र के तहत आरोपी अनिल ने अपने गुमशुदा भाई सुनील के दस्तावेज और मोबाइल नंबर मौके पर छोड़ दिए ताकि शव की पहचान सुनील के रूप में हो। अगले दिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मिले दस्तावेजों के आधार पर सूचना अनिल के परिवार को दी गई। परिवार ने शव को सुनील मानकर अंतिम संस्कार की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन ठीक समय पर मृतक रामकेश के पिता राजू पुलिस के साथ पहुंच गए और बेटे की पहचान कर ली। पुलिस जांच में अनिल, पवन और याकूब तीनों दोषी पाए गए। तीनों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। मंगलवार को एडीजे कोर्ट संख्या-1 के न्यायधीश धीरज शर्मा ने पवन और याकूब को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि मास्टरमाइंड अनिल अदालत में पेश नहीं हुआ, इसलिए उसका फैसला लंबित रखा गया है।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

वर्ष – 2025 की उत्तर–पुस्तिकाओं को रद्दी घोषित किये जाने बाबत् सूचना

वर्ष–2025 की सभी मुख्य व पूरक परीक्षाओं की लिखित उत्तर–पुस्तिकायें, पर्ण, प्रतिपर्ण, प्रोसेस शीट, प्रश्न–पत्र, संवीक्षा व अन्य परीक्षा संबंधित सभी दस्तावेज रद्दी में उठवाए/हटवाए जा रहें है। अतः किसी को उक्त दस्तावेज वांछित हो तो सात दिवस में पंजीकृत डाक द्वारा बोर्ड को सूचित करें इसके पश्चात उत्तर–पुस्तिकायें/अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं होगा। सचिव


# रोडवेज बस और ट्रेलर की भिड़ंत

**जोधपुर,** (कासं)। बावड़ी कस्बे में मंगलवार दोपहर एक रोडवेज बस और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में लगभग बीस से अधिक यात्री घायल हो गए। यह घटना बावड़ी कस्बे से बाहर निकलते ही हुई। टक्कर नागौर से आ रहे ट्रेलर और जोधपुर से नागौर जा रही रोडवेज बस के बीच हुई। बस में करीब 39 यात्री सवार थे, जिनमें से बस चालक और खलासी सहित 22 लोग चोटिल हुए। हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी भी घायल हुए। सभी घायलों को बावड़ी सामुदायिक हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया है।


**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost / EMD | Start of Sale / Last Date |
|---|---|---|---|
| 4410/30.10.2025 RIS2526GLOB00052 | Rate Contract RFP for Supply, Installation and Maintenance of IT Equipment's | Rs. 3.00 Cr. / Rs. 6.00 Lakh | 24/11/2025 To 15/12/2025 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/25/13511

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

लघु अवधि निविदा सूचना संख्या 29/2025-26

केन्द्र / राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में 'अ' अथवा 'अअ' श्रेणी एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से लघु अवधि निविदा सूचना संख्या 29/2025.26 में वर्णित कार्य हेतु संबंधित अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) कार्यालय के लिये निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rvpn.co.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

UBN:- VPN2526WSOB02130 से VPN2526WSOB02133 (4)

राज.संवाद/सी/25/13532 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7231/2025 अधीक्षण अभियंता (सिविल), जयपुर


# पुलिस ने रोहित गोदारा गैंग पर शिकंजा कसना शुरु किया

- **पिछले एक महीने में अलग-अलग थानों में रोहित गोदारा और उसके साथियों पर थानाधिकारियों की ओर से मामला दर्ज कराया गया है**
- **पहला मामला कोटगेट थाने में दर्ज हुआ तो दूसरा सदर थाने में दायर हुआ, दोनों ही मामलों में रोहित गोदारा का नाम प्रमुखता से दिया गया है**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां रंगदारी और फिरौती की डिमांड करने के मामलों में पुलिस ने रोहित गोदारा गैंग पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले एक महीने में अलग-अलग थानों में रोहित गोदारा और उसके साथियों पर थानाधिकारियों की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने गैंग पर सख्ती करने के लिए एफआईआर दर्ज की है। पहला मामला कोटगेट थाने में दर्ज हुआ तो दूसरा सदर थाने में दायर हुआ है। दोनों ही मामलों में रोहित गोदारा का नाम प्रमुखता से दिया गया है।

मंगलवार को सदर थाना प्रभारी दिगपाल सिंह ने अपने ही थाने में रोहित गोदारा सहित पांच जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसमें जीतेंद्र चारण उर्फ जीतू, वीरेंद्र चारण, सुरेश बिश्नोई उर्फ शिकारी और रोहित राणा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसमें रोहित राणा पर आरोप है कि उसने सुखदेव चायल के घर के आसपास पहले रैकी की और बाद में रोहित गोदारा गैंग को इसकी सूचना दी। चायल से पिछले दिनों रंगदारी मांगी गई थी। इस मामले की छानबीन में पुलिस को इनपुट मिला कि रोहित राणा ने ही उसके घर की रैकी की थी। पुलिस को रोहित गोदारा गैंग को सूचना देने की भी पुष्टि हुई है। इस मामले की जांच अब जयनारायण व्यास कॉलोनी के थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी को सौंपी गई है।

इससे पहले भी पुलिस ने एक एफआईआर 14 अक्टूबर को दर्ज की थी। इसमें भी पुलिस ने 24 जनों को नामजद किया। ये एफआईआर डॉक्टर श्याम अग्रवाल को धमकी देने की जांच के आधार पर दर्ज कराई गई। इसमें भी रोहित गोदारा सहित 24 लोगों को नामजद किया गया था। हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के तहत ये मामले दर्ज किए हैं। जिसमें संगठित अपराध और सिंडिकेट बनाकर अपराध करने से जुड़ी धाराएं हैं।

इनमें अधिकांश में पांच साल की सजा और पांच लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति ही मामला दर्ज करवाता है लेकिन रोहित गोदारा के खिलाफ पुलिस स्वयं मामले दर्ज कर रही है। पिछले कुछ महीनों में रोहित गोदारा गैंग ने कई लोगों को धमकी देकर रंगदारी मांगी थी। इसमें डॉ. श्याम अग्रवाल, पीयूष शंगारी और सुखदेव चायल प्रमुख है। ऐसे में पुलिस ने गैंग पर सख्ती करने के लिए एफआईआर दर्ज की है।

# उप परियोजना निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सवाई माधोपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए कृषि विभाग सवाई माधोपुर के उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अनुपम गोयल दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी सवाई माधोपुर को टोल फ्री नम्बर से शिकायत मिली कि गंगापुर सिटी स्थित खाद बीज की दुकान को जारी किये गये निरीक्षण रिपोर्ट का निस्तारण करने व परेशान नहीं करने की एवज में कृषि विभाग सवाई माधोपुर का उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अनुपम गोयल दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है और सत्यापन के दौरान परिवादी से दस हजार रुपये लेने पर सहमत हुआ, जिस पर एसीबी सवाई माधोपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह चौधरी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अनुपम गोयल को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। वहीं एसीबी आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा के टाइम टेबल में आंशिक संशोधन

**बीकानेर,** (निसं)। प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 और 20 नवम्बर से शुरू होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथियों में टकराव के चलते शिक्षा निदेशालय ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा के टाइम टेबल में आंशिक संशोधन किया है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से 22 नवंबर को प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन विभिन्न जिलों में किया जाएगा। भर्ती परीक्षा को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 22 नवंबर को हिंदी सहित विभिन्न विषयों की होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर अब 2 दिसंबर को करवाने का निर्णय लिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने संशोधित टाइम टेबल को घोषित कर दिया है। नए टाइम टेबल के मुताबिक 22 नवंबर को दोनों पारियों में आयोजित होने वाले 9वीं से 12वीं कक्षा के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं अब 2 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। हिंदी सहित 7 विषयों की परीक्षा जो पहले अलग-अलग पारी में 22 नवम्बर को होनी थी। अब वे 2 दिसंबर को होगी। परीक्षा के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उधर, शिक्षा निदेशालय में 20 नवंबर से शुरू होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर संयुक्त निदेशक और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। 18 नवंबर तक सभी स्कूलों में प्रश्न पत्र पहुंचा दिए जाएंगे। वहीं निजी स्कूलों के प्रश्न पत्र राजकीय स्कूलों में रखे जाएंगे। प्रतिदिन की पारी के मुताबिक विषय वार एवं कक्षा वार परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले निजी स्कूलों को प्रश्न पत्र का वितरण किया जाएगा।

भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित की जाएगी। राजस्थान से इस जंबूरी में भाग लेने वाले स्काउट व गाइड अभ्यर्थियों की अर्द्धवार्षिक वार्षिक व प्रायोगिक परीक्षाएं जंबूरी के बाद स्कूल स्तर पर ही ली जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। पहले भी कई बार प्रतियोगी परीक्षाओं के कारण हरिद्वार से परीक्षा और वार्षिक परीक्षा की तिथियां में बदलाव करने पड़े हैं। राज्य सरकार को टकराव को रोकने के लिए राजस्थान परीक्षा नियामक बोर्ड के गठन का गठन करना चाहिए।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय-राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करौली**

मण्डरायल रोड, करौली, राजस्थान (322241)

Email ID: gmckarauli@gmail.com Telephone No. 07464-294340

क्रमांक- जी.एम.सी./ई-निविदा/करौली/2025/1457 दिनांक-10.11.2025

NIB NO. 03/2025-26)

Sealed Single Stage Two-envelopes and unconditional online Bids for Rate contract for One year to provide "Skilled And Highly skilled manpower for Government Medical College, Karauli are invited from interested bidders upto 17.11.2025 at 04.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 240 lakh.

UBN NO. MES2526A0116

DIPR/C/16622/2025 प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करौली

**Krishi Upaj Mandi Samiti, Khanpur, Jhalawar (Raj.)**

File No. :- 730 - 736 Date :- 03/11/2025

Notice Inviting Bid

Bids for Sweeper Man, Computer operator with machine E-Nam (Online), Computer operator with machine Office, Water Man, Printing work Traders and Office, Electric Maintenance, Drinking water Camper (Offline) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidders up to 6.00 PM (time) 17.11.2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and (agriculture.rajasthan.gov.in) department website. The approximate value of the procurement is Rs.52.00 Lac.

NIB CODE. DAM2526A0536, DAM2526A0537

UBN NO. DAM2526WSOB00944, DAM2526WSOB00943, DAM2526WSOB00948 DAM2526WSOB00947, DAM2526WSOB00946, DAM2526WSOB00945 DAM2526WSOB00949, DAM2526WSOB00950

Raj.Samwad/C/25/13543 Secretary

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION KARAULI**

PH NO. 07464-250219 E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in

Notice Inviting Bid

Bids for construction and commissioning of Handpump and single-phase works under phed division karauli are invited from interested bidders up to 17.11.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal eproc.rajasthan.gov.in and sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE: PHE2526A3978

| S.N. | NIT NO. | UBN | S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 131/2025-26 | PHE2526WSOB08166 | 2 | 132/2025-26 | PHE2526WSOB08168 |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Total work | 02 |
| 02 | Total Estimate Cost | 40.38 Lac |
| 03 | Bid submission end date | 17.11.2025 up to 06.00 PM |
| 04 | Bid opening date | 18.11.2025 at 10.00 AM |

(Vijay Kumar Meena) Executive Engineer PHED Division Karauli

DIPR/C/16347/2025


# छह वर्ष से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पुलिस थाना सदर व जिला स्पेशल टीम ने छह वर्ष से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी अपराधी राजू उर्फ राजमल पुत्र जगदीश खटीक निवासी दौलतगढ़, थाना आसींद, भिलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारसमल जैन और सहायक पुलिस अधीक्षक माधव उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। जानकारी के अनुसार, 18 फरवरी 2010 को आजाद नगर, भिलवाड़ा निवासी जगदीश प्रसाद के साथ दो युवकों ने लूट की वारदात की थी। इस संबंध में थाना सदर पर प्रकरण दर्ज हुआ था।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2025-26/25331-40 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 482/2025-26 Date:10.11.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Construction of Additional Three Floor (2nd to 4th Floor) at Family Court Building in Animal Husbandry Department Premises at Gandhi Nagar, Jaipur. UBN: RRC2526WLOB00875 | 984.40 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**कार्यालय उप वन संरक्षक, करौली (राज.)**

(गद्का की चौकी करौली, Phone & Fax No. 07464-297003, Email-dcf.kroli.forest@rajasthan.gov.in)

विज्ञप्ति नीलामी बोली सूचना

इस कार्यालय अधीन समस्त रेंजो में लघु वन उपज हेतु बिक्री हेतु जारी विज्ञप्ति नीलामी आमंत्रित की गई है। अत इच्छुक फर्म http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर देख कर नीलामी में बोली लगा सकते है।

| यू बी एन नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | बोली लगाने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| UBN NO. FOR2526GSRC031111 | 5.82 | 31.10.2025 | 17.11.25 को 2.00 बजे |

DIPR/C/16349/2025 (सुमित बंसल) उप वन संरक्षक, करौली

**Rajasthan University of Health Sciences**

सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033, दूरभाष: 0141-279515, 0141-2795508, 2795536

No. :- F.6 ( ) RUHS/Store/2025-26/26080 Date :- 04/11/2025

Notice Inviting E-Bids

Single Stage Two envelope online e-bids are invited upto 02.00 pm of 17/11/2025 for Supply of Man with Machine (Computer Operator) at Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur. (Total Approx. Cost Rs. 65,00,000.00) Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in or www.ruhsraj.org. or eproc.rajasthan.gov.in.

UBN No. :- RUH2526SLRC00017 Registrar RUHS, Jaipur

Raj.Samwad/C/25/13519


# सचिन पायलट ने वासुदेव देवनानी की पत्नी के निधन पर शोक जताया

- **बिहार चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए सचिन पायलट ने दावा किया कि वहां इण्डिया महा गठबंधन की जीत निश्चित है**
- **प्रदेश की अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भी पायलट आश्वस्त नजर आए**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर दुख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं साझा की।

**अजमेर,** (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मंगलवार को अजमेर दौरे पर रहे। पायलट यहां विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इन्द्रा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। सचिन पायलट ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी इंद्रा देवी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने देवनानी से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में अपनी संवेदनाएं साझा कीं।

शोक व्यक्त करने से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने देश और प्रदेश की राजनीति पर खुलकर अपनी राय रखी। बिहार चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए पायलट ने दावा किया कि वहां इण्डिया महागठबंधन की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने बदलाव के नाम पर वोट किया है और नतीजे गठबंधन के पक्ष में ही आएंगे। राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भी पायलट आश्वस्त नजर आए। उन्होंने कहा कि वहां भी कांग्रेस पार्टी विजय हासिल करेगी।

प्रदेश और केंद्र की व्यवस्था पर तंज कसते हुए पायलट ने कहा कि वर्तमान में सरकार नाम की चीज ही नजर नहीं आ रही है। उन्होंने प्रशासनिक शिथिलता की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। 'वन स्टेट वन इलेक्शन' की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि अभी इस मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। पायलट ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार 'वोट चोरी' और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर आवाज बुलंद कर रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के अजमेर आगमन पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जयपुर रोड स्थित अशोक उद्यान पर अगवानी की। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पायलट के अजमेर पहुंचने पर अशोक उद्यान पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन, विधायक विकास चौधरी, पीसीसी सदस्य महेंद्र सिंह रलावता, पूर्व महापौर कमल बाकोलिया, शहर महासचिव शिव कुमार बंसल, महेश चौहान राजेंद्र नरचल, राज नारायण असोपा, सतीश वर्मा, रश्मि हिंगोरानी, शक्ति सिंह रलावता, अहमद हुसैन, भोमराज गुर्जर, शैलेन्द्र अग्रवाल, कमल गंगवाल, दिलीप सामनानी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गर्ग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/189 - 191 Date :- 03/11/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 54/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 4975.73 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : 07.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 04.12.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 07.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 04.12.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 05.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे (तकनीकी बिड) |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526WLOB00324

राज.संवाद/सी/25/13515 अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ उदयपुर विकास प्राधिकरण

**Rajasthan State Forest Development Corporation Limited**

REGIONAL OFFICE, BIKANER

(A Govt. of Rajasthan undertaking) Regd. Office : IN FRONT OF LIC OFFICE, VAN BHAWAN, JAIPUR ROAD, BIKANER, RAJATHAN PIN: 334001

क्रमांक :- एफ.9(03) ठेका-नीलामी/मप्र/2025/1372 दिनांक :- 06/11/2025

विज्ञप्ति लकड़ी नीलामी

सर्व साधारण विशेषण लकडी के व्यापारियों, प्लाई एवं पेपर मिलों को सूचित किया जाता हैं कि महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास लिमिटेड, बीकानेर के क्षेत्राधीन निम्नलिखित विभागीय विक्रय केन्द्रों पर इमारती तथा जलाऊ लकडी का विक्रय खुली नीलामी द्वारा विभागीय विक्रय केन्द्रों के सम्मुख अंकित तिथियों एवं समय पर माह में दो बार किया जायेगा। अतः इच्छुक क्रेतागण FMDSS पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात नियत तिथि व समय पर व्यक्तिशः उपस्थित होकर या मुद्रित पत्र पर अधिकृतकर अपने प्रतिनिधि को भेजकर अमानत राशि रूपये 25000/–(अखरे रूपये पच्चीस हज़ार मात्र) का डी.डी. जमा करवाकर खुली नीलामी भाग ले सकते हैं।

| नीलामी स्थल/विक्रय केन्द्र का नाम | नीलामी तिथियां | नीलामी समय |
|---|---|---|
| बिछवाल (बीकानेर) | प्रत्येक माह की 12 व 25 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| RD 820 | प्रत्येक माह की 6 व 16 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| बज्जू | प्रत्येक माह की 7 व 22 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| बिकमपुर | प्रत्येक माह की 1 व 15 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| घड़साना | प्रत्येक माह की 2 व 21 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| छत्तरगढ़ | प्रत्येक माह की 5 व 19 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| रावला | प्रत्येक माह की 11 व 26 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| RD 682 | प्रत्येक माह की 8 व 23 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |

नोट :–
1. नीलामी तिथि को अवकाश होने पर अगामी उपलब्ध कार्य दिवस को नीलामी की जावेगी।
2. विक्रय केन्द्र पर लकडी उपलब्ध होने पर ही नीलामी की जायेगी।
3. नीलामी में रखी जाने वाली वन उपज के संबंध मे विस्तृत विवरण एवं शर्तो का अवलोकन संबंधित विभागीय विक्रय केन्द्र पर किसी भी कार्य दिवस को किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से ज्ञात किया जा सकता है।

महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर

राज.संवाद/सी/25/13506

## भागवत कथा आयोजित

**कोटा,** (निसं)। श्री राधा माधव सेवा समिति, श्री राधा माधव मंदिर रिद्धि सिद्धि नगर कुन्हाड़ी के प्रांगण में मंगल परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस मंगलवार को छबड़ा से पधारे रमेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत वामन भगवान की झांकी के दर्शन कराए।


### पश्चिम मध्य रेल

**सिगनल एवं दूर संचार विभाग**
**कोटा/एसएडटी/सिग./2025/25–BD**
**दिनांकः–08.11.2025 निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यो **Tender No. KOTA/SNT/SIG/2025/25-BD** के लिये निर्धारित ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेंडर सं**–कोटा/ एमएण्डटी/सिंग./2025/25-BD, **कार्य का नाम**–शामगढ़–प्रोविजन ऑफ 01 लोडिंग लाईन।+बारां–प्रोविजन ऑफ 01 एडशिनल लोडिंग लाईन, शिफ्टिंग ऑफ एक्सस्टिंग गुडस् लाईन अबाउट 400 मीटर एण्ड डबल लाईन। **कार्य की अनुमानित लागत**– रू1,34,43,183.52, **बयाना राशि**– रू21,7200.00, **समय एवं तिथि**–05.12.2025, 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईड **"http://www.ireps.gov.in."** पर अपलोड की गई है। निविदा/ बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रामाणपत्र होना आवश्यक है और आईआरईपीएस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN पर रजिस्टर होना चाहिये।

हस्ता.
कृते वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री सुरेश चंद जैन पुत्र श्री फूलचंद जैन आयु 62 वर्ष जाति जैन (महाजन) निवासी म.न. 71 आदर्श नगर, मेन बूंदी रोड, कुन्हाड़ी, कोटा राज. से श्री धनराज जैन पुत्र श्री सूरजमल जैन आयु 63 वर्ष जाति जैन (महाजन) निवासी प्लाट न. 6 आदित्य मार्ग गुलाब बाड़ी कोटा राज. द्वारा दिनांक 13.07.2010 को 8,00,000/–रुपये अक्षरे आठ लाख रुपये उधार नकद प्राप्त कर एक इकरारनामा (गिरवीनामा) दिनांक 13.07.2010 आलेखित किया और उक्त उधार ली गई राशि 8,00,000/– रुपये अक्षरे आठ लाख रुपये चुकाने की एवज में उसके द्वारा अपने मालिकाना स्वामित्व के भूखंड वाके मेन बूंदी रोड, कोटा में स्थित परिसर पैमाइशी 30x30 की छत व 8x30 वर्गफुट की गेलेरी को रहन रख दिया था। इकरार के अनुसार उक्त राशि को मय ब्याज के चुकाने की दो वर्ष की अवधि जुलाई 2012 को समाप्त हो चुकी है और अब मेरा पक्षकार इकरार की शर्तो के अनुसार अपनी राशि की वसूली के लिए उपरोक्त रहन रखी गई छत और गेलेरी को विक्रय करके अपनी राशि को वसूल करने का अधिकारी हो गया है और श्री धनराज जैन द्वारा इकरार में इस परिसर को विक्रय करने हेतु अधिकार दिए जाने का दस्तावेज मेरे पक्षकार के पक्ष में आलेखित किया हुआ है। उपरोक्त राशि की मेरे पक्षकार को सख्त आवश्यकता है और मेरे पक्षकार द्वारा श्री धनराज जैन को इस राशि की अदायगी हेतु दिए गए अंतिम नोटिस की मियाद भी समाप्त हो चुकी है। इसलिए मेरा पक्षकार उपरोक्त राशि की वसूली के लिए श्री धनराज जैन द्वारा रहन रखी गयी छत और गेलेरी को विक्रय करने को स्वतंत्र है। यदि उपरोक्त संव्यवहार या विक्रय से किसी व्यक्ति, रिश्तेदार, संस्था या उनके किसी प्रतिनिधि को आपत्ति हो या उपरोक्त परिसर पर कोई दावा उज्र या ऐतराज हो तो वो अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 7 दिवस की अवधि में दस्तावेज सहित अपना पक्ष, दावा, आपत्ति, प्रस्तुत करें, बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

कोटा
दिनांक: 12.11.25

भवदीय
राकेश मामनानी एडवोकेट
मो. 7737177000


# लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने नगर निगम कोटा में पट्टे वितरित किये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के प्रशासनिक भवन में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी द्वारा छावनी, कोटड़ी, गोर्धनपुरा, लखावा, रानपुर, खेड़ा, जगपुरा एवं बारां रोड स्थित नयागांव, क्षेत्र के पूर्व के रूके हुए एवं शहरी सेवा शिविर में आवेदित लोगों के लगभग 200 पट्टे वितरित किये।

पट्टे वितरण कार्यक्रम से पूर्व वन्दे मातरम्/150 एवं स्वदेशी संकल्प' थीम पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक नें नगर निगम कोटा के एकीकरण पश्चात प्रथम ट्रेड लाईसेंस अर्जुन दास को वितरित किया एवं उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को जन–जन तक पहुंचानें के लिए सभी से आव्हान किया ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें।



लाड़पुरा विधायक द्वारा पट्टे वितरित किये गये हैं।

इस दौरान नगर निगम कोटा दक्षिण के पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, नगर निगम कोटा आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा, उपायुक्त जवाहर लाल जैन, उपायुक्त भावना सिंह, उपायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए ब्लॉक वाइज सूची बनाएं'

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में मीड–डे–मील, प्रवेशोत्सव कार्यक्रम एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला कलेक्टर ने एसडीआरएफ के तहत जिले के 1033 विद्यालयों की मरम्मत के लिए आवंटित 20 करोड़ 66 लाख रुपये राशि का सदुपयोग करते हुए अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त जिन स्कूल भवनों में अभी मरम्मत के बाद बच्चों के बैठने की व्यवस्था हो सकती है उन्हें चिन्हित कर मरम्मत कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक वाईज स्कूलों की अपडेटेड सूची बनाई जाए जिसमें एसडीआरएफ के तहत मिली राशि से करवाए जाने वाले कार्यो का स्पष्ट उल्लेख हो।

समारिया ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से शाला दर्पण में जिले की रैंकिंग, मीड–डे–मील योजना के तहत सामग्री आवंटन, दुग्ध वितरण, पन्ना धाय बाल गोपाल योजना, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन कार्यक्रम में अधिकाधिक विद्यालयों को रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में जिले की रैंकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। एसडीआरएफ के प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 44 ऐसे विद्यालय हैं जिनके पास स्वयं की भूमि अथवा भवन नहीं है और वे किराए के भवन, मंदिर परिसर, समुदायिक भवनों अथवा ग्राम पंचायतों के भवन में संचालित हैं। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत डिजिटल प्रवेशोत्सव एवं विद्यार्थी उपस्थिति एप की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी बीएलओ एसआईआर–2026 के तहत अधिक से अधिक मैपिंग का कार्य पूरा करें। कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गणना प्रपत्र के डिजिटाईजेशन की प्रक्रिया में बीएलओ की तकनीकी मदद करने के निर्देश सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को दिए।


### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/1486 — दिनांक:-11.11.2025

**नाम हस्तान्तरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या–776 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक–845 दिनांक 29.12.2000 द्वारा मैसर्स शेखर ऑटोमोबाईल प्रो. श्री भगवान दास गॉधी पुत्र श्री प्यारे लाल गॉधी को आवंटित किया गया था। श्री भगवान दास गॉधी के द्वारा श्री मो. उस्मान पुत्र श्री मो. अहमद को उक्त भूखंड की कार्यवाही के संबंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री मो. उस्मान पुत्र श्री मो. अहमद के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखंड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 17.08.2022 को श्री विजय कृपलानी पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश के द्वारा अपने नाम उक्त भूखंड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या–776 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर योजना का नाम हस्तांतरण श्री विजय कृपलानी पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा



### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-640 — **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** — दिनांक:-7.11.25

कोटा विकास प्राधिकरण की विवेकानन्द नगर आवासीय के भूखण्ड/आवास संख्या 789 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 13.03.2001 को श्री शिवनारायण शर्मा पुत्र श्री केसरीलाल शर्मा को किया गया था। आवंटी श्री शिवनारायण शर्मा की मृत्यु दिनांक 01.02.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी., शपथ पत्र, रिलीज डीड, इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिव्स के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 789 योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री आनन्द कुमार गौतम पुत्र स्व. श्री शिवनारायण शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1384 — **विज्ञप्ति** — दिनांक:-11.11.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या सी-5 योजना सुखधाम एनक्लेव ग्राम रानपुरा खसरा नम्बर 656 का पट्टा जारी करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्रीमती संजना मीणा पत्नि श्री श्याम बिहारी मीणा निवासी सी–6 सुखधाम एनक्लेव बारां रोड कोटा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त पत्रावली में संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन करने पर यह तथ्य सामने आये है कि खातेदार राधा किशन पुत्र श्री भंवर लाल द्वारा जर्ये इकरारनामा दिनांक 23.02.1997 को श्रीमती जमना बाई पत्नि श्री रतन लाल मीणा के पक्ष में किया गया। पत्रावली में संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार क्रेता जमना बाई की मृत्यु दिनांक 08.12.2010 को हो चुकी है। जमना बाई द्वारा अपने जीवन काल में नोटेरी शुद्धा वसीयतनामा (दिनांक 14.11.2008) से लोकेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामदयाल मीना के पक्ष में किया गया। लोकेन्द्र कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये इकरारनामा दिनांक 11.12.2024 को संजना मीणा पत्नि श्री श्याम बिहारी मीणा के पक्ष में किया गया है।

अत: उक्त पत्रावली में संलग्न वसीयतनामा एवं इकरारनामो के आधार पर श्रीमती संजना मीणा पत्नि श्री श्याम बिहारी मीणा के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1331 — **विज्ञप्ति** — दिनांक:-10.11.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना अंजली विस्तार भूखण्ड संख्या 54 खसरा नं. 208 आवेदक/आवेदिका श्री सियाराम नागर एवं लोकेश कुमार नागर पुत्रान् रमेश चन्द्र नागर निवासी अस्पताल का मोहल्ला, कमोलर, तहसील सांगोद जिला कोटा राज.॰द्वारा पट्टे हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार खातेदार महेन्द्र सिंह पुत्र श्री बख्शीश सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 24.03.2011 को श्रवण पुत्र श्री बिरधी लाल को किया गया। क्रेता श्रवण द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 01.08.2011 को श्री प्रकाश पुत्र श्री कालू लाल के पक्ष में किया गया। क्रेता प्रकाश की मृत्यु संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 19.02.2021 एवं पत्नि प्रेम बाई को हो चुकी है। संलग्न वारिसान प्रमाण पत्र अनुसार मृतक के विधिक वारिसान दीपक कुमार पुत्र, सुनीता पुत्री, गोरी पुत्री, नर्गिस पुत्री है। वारिसान दीपक कुमार, सुनीता, गोरी, नर्गिस द्वारा संलग्न जर्ये इकरारनामा/मुख्तारआम दिनांक 08.01.2024 से आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री सियाराम नागर एवं लोकेश कुमार नागर पुत्रान् रमेश चन्द्र नागर के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा


# 'यूरिया एवं डीएपी खाद की किल्लत के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराना घोर निंदनीय'

- 'किसानों को महंगे दामों पर यूरिया ब्लैक करने वाला बताना बेहद शर्मनाक है'
- किसान एक बैग खाद के लिए लाठीयां खा रहे हैं फिर भी खाद नहीं मिल रही, ऐसे मे किसान यूरिया कैसे ब्लैक करेगा?

**कोटा,** (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि राजस्थान सरकार मे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा किसानों को महंगे दामों पर यूरिया ब्लैक करने वाला बताना बेहद शर्मनाक है। दुबे ने कृषि मंत्री द्वारा किसानों को 'बेईमान' बताने की घोर निंदा करते हुए कृषि मंत्री के किसान विरोधी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

मनोज दुबे ने कहा कि कृषि मंत्री द्वारा यूरिया एवं डीएपी खाद की किल्लत के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराना घोर निंदनीय है। मनोज दुबे ने कहा की कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का ये कहना कि किसान यूरिया ब्लैक करता है'' न सिर्फ किसानों का अपमान, बल्कि भाजपा सरकार की नाकामी पर पर्दा डालने की भद्दी कोशिश है। भाजपा सरकार के कृषि मंत्री दिन–रात खेतों में पसीना बहाने वाले अन्नदाता को अप्रत्यक्ष रूप से खाद ओर यूरिया ब्लैक करने वाला माफिया बता रहे हैं, जों बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

मनोज दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार स्वयं किसानों को पर्याप्त यूरिया और खाद–बीज देने में पूर्ण रूप से विफल रही है, फिर भी राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री द्वारा दोष किसानों पर मढ़ा जा रहा है ये बेहद दु:खद है। हकीकत ये है कि भाजपा सरकार न फसल का उचित मूल्य दे पा रही हैं, न अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा और न ही बिजली–पानी।

भाजपा के राज में किसानों को बदहाली के साथ कभी लाठियां मिलती है, तो कभी मंत्रियों की गालियां। मनोज दुबे ने कहा की किसान चोरी नहीं करता, देश का पेट पालता है।

चोरी तो सरकार में बैठे भाजपा के नेता करते हैं, जो दूसरों पर अनर्गल आरोप लगाकर पहले सत्ता कब्जाते हैं, और फिर किसानों का हक मारते हैं। और किसानों के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर किसानों को अपमानित करते हैं। कृषि मंत्री को शर्म आना चाहिए किसान को घंटों लाइनों मे लगने के बाद भी पर्याप्त मात्रा मे खाद नहीं मिल रही है। खाद की भारी किल्लत है। किसान एक बैग खाद के लिए लाठीयां खा रहे हैं फिर भी खाद नहीं मिल रही, ऐसे मे किसान यूरिया कैसे ब्लैक करेगा?

# एम.आई.टी. की फ्रेशर्स पार्टी

**कोटा,** (निसं)। नयागांव स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोटा में सत्र 2025–26 में आए सभी प्रथम वर्ष (बी.टेक., बी.सी.ए., बी.बी.ए.) के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी ''उद्भव'25 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम पारंपरिक रूप से सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। मोदी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी एवं एम.आई.टी. के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए सभी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सोंग, सोलो सोंग और फैशन शो जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन संस्थान द्वारा आयोजित किए जाए है इससे नए छात्रों के उत्साह और कॉलेज के कार्यशैली एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे मे जानकारी होती है। संस्था के चेयरमैन सुशील मोदी ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायक मंडल ने इस साल के मिस्टर फ्रेशर अभिषेक चौधरी और मिस फ्रेशर यशफीन एवं मिस्टर अटायर लोकेंद्र और



कोटा में एमआईटी में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित की गयी है।

मिस अटायर वंशिका को चुना। डॉ. विकास सोनी ने सभी छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र यादवेंद्र तथा सह–संयोजक डॉ.बरखा गुप्ता एवं सीमा आर्या रहे। स्टूडेंट संयोजक रूद्र, प्रतीक, तुषार, शेफाली और फ्रेमसेटर्स क्लब रहे।

# गांजा तस्करी की दोषी महिला को 5 वर्ष का कारावास

**कोटा,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के करीब साढ़े पांच साल पुराने मामले में विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस ने सुनवाई करते हुए गांजा तस्करी के आरोप में पकड़ी गई महिला आरोपी को दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया कि कुन्हाड़ी पुलिस ने शहर में नाकाबंदी के दौरान 13 मार्च 2020 को एक बाइक को डिटेन किया। जिसमें चालक के पीछे एक महिला प्लास्टिक का काले रंग का एक कट्टा लेकर बैठी हुई थी। जिनसे पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम रामचरत निवासी मेहराना तहसील तालेड़ा जिला बूंदी का होना बताया और पीछे बैठी महिला ने अपना नाम ममता पत्नी रामचरत बताया। पुलिस टीम ने संदेह होने पर तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ 11 किलो गांजा और बिक्री की रकम कुल 60 हजार रूपये बरामद किये। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा को जप्त किया। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की, पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी रामचरत और ममता के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा वाहन मालिक मोहनलाल के विरुद्ध 8/25 एनडीपीएस एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले में 9 गवाहों के बयान दर्ज कराये गये और कुल 44 दस्तावेज पेश किये गये। न्यायालय ने मामले में निर्णय देते हुए आरोपी महिला ममता को दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि अभियुक्त रामचरत फरार है जिसका स्थाई वारंट जारी है और वाहन मालिक सहअभियुक्त मोहनलाल की मृत्यु हो चुकी है।

# अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन में राजस्थान दल ने 'हाड़ौती संस्कृति' का रंग दिखाया



कलाकारों को सम्मानित किया गया।

**बूंदी** (निसं)। कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सोशल डेवलपमेंट फोरम व माय भारत के तत्वावधान में असम के गोलाघाट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समावेशी युवा सम्मेलन में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व बूंदी जिले के शिखर पंचोली एवं विवेक गुर्जर ने किया। इस सम्मेलन में भारत के 18 राज्यों सहित लगभग 15 देशों के युवा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों को असम के प्रसिद्ध चाय बागानों का भ्रमण कराया गया, जहाँ स्थानीय कलाकारों ने असम की लोक संस्कृति का प्रतीक बीहू नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं अफ्रीका सहित विभिन्न देशों से आए चित्रकारों ने अपने–अपने क्षेत्र की प्राकृतिक छटा, लोकजीवन एवं चाय बागानों को अपनी चित्रकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसके पश्चात विभिन्न विषयों पर युवा सत्र आयोजित हुए, जिनमें कला, संस्कृति, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर सार्थक चर्चा हुई।

शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान दल के प्रतिनिधि शिखर पंचोली एवं विवेक गुर्जर ने राजस्थानी लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। शिखर ने खडताल जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्र से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं दोनों ने गुजरात, राजस्थान एवं पंजाब की मिश्रित सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार किया।

सम्मेलन के दौरान सभी प्रतिनिधियों को काजीरंगा नेशनल पार्क एवं टाइगर रिजर्व का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्होंने दुर्लभ वन्यजीव जैसे गैंडा, हाथी एवं बाघ को निकट से देखा। अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों ने कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन कर मातृशक्ति के प्रति आस्था प्रकट की।

बूंदी के युवा प्रतिनिधि विवेक गुर्जर एवं शिखर पंचोली ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से राजस्थान की हाडौती की कला, लोकनृत्य, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संस्कृति का प्रचार–प्रसार हुआ तथा असम के लोकजीवन, खानपान और पर्यटन स्थलों से परिचय प्राप्त हुआ।


### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2298 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 11.11.25

आवास संख्या 5–एच–19 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री मदन लाल गर्ग पुत्र श्री मथुरा लाल को किया गया था। श्री मदन लाल गर्ग पुत्र श्री मथुरा लाल के निवेदन पर कल्पतरू योजना के अन्तर्गत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 22.11.1990 को श्री मुरारीलाल गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन लाल गर्ग को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री मुरारीलाल गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन लाल गर्ग द्वारा दिनांक 26.02.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री मुरारीलाल गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन लाल गर्ग की मृत्यु दिनांक 21.02.2025 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती गायत्री देवी गर्ग पत्नी स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग, श्रीमती चंचल मित्तल पत्नी श्री केशव मित्तल पुत्री स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग, श्रीमती नीतू मित्तल पत्नी श्री मुकेश मित्तल पुत्री स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग एवं श्रीमती एकता गर्ग पत्नी श्री आलोक जैन पुत्री स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 10.06.2025 को श्री नितिन गर्ग पुत्र स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग के पक्ष में किया गया। श्री नितिन गर्ग पुत्र स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5–एच–19 तलवण्डी, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री नितिन गर्ग पुत्र स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्री नितिन गर्ग पुत्र स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्री नितिन गर्ग पुत्र स्व. श्री मुरारीलाल गर्ग के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



### चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: हाउस नंबर 30, दूसरी मंजिल, डी.ए.वी स्कूल केई पास, तलवंडी, कोटा, 324 005 (राजस्थान) वेबसाइट: www.chambalkota.in दूरभाष न.: 0744-3500607 ईमेल आईडी: chambalbreweries@gmail.com CIN: L99999RJ1985PLC046460

**समाप्त तिमाही 30.09.2025 के गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रु. लाख में)

| क. नं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.09.2025 गैरलेखा परीक्षित | चालू अवधि के लिए समाप्त तारीख तक आंकड़े 30.09.2025 गैरलेखा परीक्षित | गत साल की समाप्त तिमाही के आंकड़े 30.09.2024 गैरलेखा परीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय | 1.08 | 1.49 | 2.41 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण कर और/ या असाधारण मद्दो से पहले) | -2.93 | -10.27 | -1.08 |
| 3 | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मद्दो के बाद) | -2.93 | -10.27 | -1.08 |
| 4 | अवधि के लिए कर से बाद शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण मद्दो के बाद) | -2.93 | -10.27 | -1.08 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | -2.93 | -10.27 | -1.08 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 748.88 | 748.88 | 748.88 |
| 7 | पिछली वर्ष की ऑडिट बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिजर्व (रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर) | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | आय प्रति शेयर (रु.10 / - प्रत्येक) ( बेसिक और डायलूटेड ) | -0.04 | -0.14 | -0.01 |

उपरोक्त समाप्त हुई तिमाही 30.09.2025 गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक संक्षिप्त स्वरूप है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकता) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर की गई है गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप समाप्त तिमाही 30.09.2025 के लिए स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.chambalkota.in) पर उपलब्ध हैं।

दिनांक: 11.11.2025
स्थान : कोटा

चंबल ब्रेवरीज और डिस्टिलरीज लिमिटेड के लिए
एसडी/-
मुख्य कार्यकारी निदेशक



### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम अदनान से बदलकर नया नाम अदनान हुसेनी पाटनवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता–अदनान हुसेनी पाटनवाला पुत्र हुसेनी वजीही कालोनी पिड़ावा रोड सुनेल झालावाड़



### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम जुजर अली (JUZER ALI) से बदलकर नया नाम जुजर अली बोहरा (ZUJAR ALI BOHRA) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता–जुजर अली बोहरा पुत्र जैनुद्दीन न्यू बस स्टेण्ड अकलेरा झालावाड़



### जनरल नोटिस

अज अदालत जिला न्यायाधीश, कोटा जिला कोटा
बइजलास श्री एस.एन. व्यास आर एच जे एस
जिला न्यायाधीश, कोटा जिला कोटा

मुत्त आवेदन क्रमांक - 45 / 2025

शीला सैनी पुत्री स्व. बाबूलाल जी निवासी गढ़ के पीछे, नान्ता, कोटा जिला कोटा, राज. ...... प्रार्थीया

- बनाम -

(1) क्षेत्रीय विकास आयुक्त, सी.ए.डी., कोटा (2) निरमा सेनी पुत्री स्व. बाबूलाल जी, पत्नी राकेश सेनी (3) तीजू बाई पत्नी स्व. शंकर लाल जी निवासी गढ़ के पीछे, नान्ता, कोटा जिला कोटा, राज. (4) मीना बाई उर्फ बीना बाई बेवा स्व. बाबूलाल जी, पुत्री हुक्म चन्द हाल पत्नी छीतरलाल जी निवासी संतोषी माता मन्दिर के पीछे, मालियों का मोहल्ला, डाबी जिला बून्दी (5) जन सामान्य ...... प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र बाबत
उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु

हरगाह आम को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थीया ने उपरोक्त शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थीया के पिता बाबूलाल आत्मज शंकरलाल जी प्रतिपक्षी नं. 1 के यहां में कार्यरत थे जिनका देहांत दिनांक 15.01.2025 को देहावसान हो गया। जिनकी उपार्जित अवकाश की राशि व पेंशन राशि प्रतिपक्षी नं. 1 के यहां जमा है। विभाग में प्रार्थीया को अपना नोमिनी नियुक्त किया हुआ है किन्तु बाबूलाल की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी उपार्जित अवकाश की राशि व पेंशन को व अनुकम्पा नियुक्ति प्रार्थीया प्राप्त करने की अधिकारिणी है इस कारण मृतक बाबूलाल जी का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र उक्त जमा राशि व पेंशन राशि व अन्य प्रलाभ की राशि को प्राप्त करने हेतु प्रार्थीया के नाम जारी किया जावे। अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी प्रकार की आपत्ति व ऐतराज हो तो वह व्यक्ति **दिनांक 17.11.2025** को समय **10 AM बजे** पर न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन रुप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज **दिनांक 19 माह 09 सन् 2025** को जारी किया गया।

मुद्रा

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय,
कोटा, (राज.)



### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2025/7110-11 — **लोक सूचना** — दिनांक:-10.11.25

श्री प्रभुलाल शाक्यवाल पुत्र श्री मोतीलाल जाति कोली निवासी बारां तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर–कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | आमापुरा | 454,455,456 | 0.17 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां



### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2025/7108-09 — **लोक सूचना** — दिनांक:-10.11.25

श्री मुकेश पंकज पुत्र श्री सत्यनारायण जाति धोबी निवासी रंगपुर रोड नया भदाना कोटा जिला कोटा राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर–कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | मेलखेड़ी | 1598/1589 | 0.0925 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां



### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2025/7076 — **लोक सूचना** — दिनांक:-10.11.25

श्री राकेश पंकज पुत्र श्री सत्यनारायण जाति धोबी निवासी रंगपुर रोड नया भदाना कोटा जिला कोटा राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर–कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | मेलखेड़ी | 1599/1589 | 0.0925 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से नई खेल प्रतिभाएँ मिलेंगी- भजनलाल

## राज्य के सभी संभागों में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा

जयपुर, 11 नवम्बर। "खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स" के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

युवाओं में खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 24 नवम्बर से 5 दिसंबर तक किया जाएगा। 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों -अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ये गेम्स आयोजित होंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। साथ ही, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद में भी इस संबंध में समितियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का लाइव टेलीकास्ट प्रसार भारती द्वारा करवाया जाएगा।

- **खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स में देश भर के 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिन तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में 7 हजार से अधिक एथलीट भाग लेंगे।**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। 12 दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में 7 हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा। जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में 3, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में 2-2 खेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, कल बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्कॉट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का अनावरण आमेर किला के जलेब चौक पर किया जाना प्रस्तावित है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने विस्फोट पीड़ितों को मुआवजे की घोषणा की

नयी दिल्ली, 11 नवम्बर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लालकिला क्षेत्र में हुए भयानक विस्फोट से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। किसी भी व्यक्ति का यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि घायलों को समुचित उपचार और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ा न सहे।

- **विस्फोट में मारे गये प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख रुपये सहायता राशि दी जायेगी।**

# बिहार चुनाव : दूसरे चरण में 69 प्रतिशत मतदान हुआ

पटना, 11 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग तीन करोड़ 70 लाख मतदाताओं में से करीब 69 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 1,302 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद कर दिया।

राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 122 सीटों पर करीब 69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा।

दूसरे चरण के चुनाव में राजग के घटक भाजपा के 53, जदयू के 44, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 15, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के 04 प्रत्याशी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के छह प्रत्याशी अखाड़े में उतरे थे। वहीं महागठबंधन के घटक राजद के 71, कांग्रेस के 37, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सात, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 06, भारतीय कम्युनिट पार्टी (भाकपा) के चार और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का एक उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। मोहिनियां सुरक्षित सीट पर राजद ने श्वेता सुमन को चुनावी दंगल में उतारा था, लेकिन उनका नामांकन रद्द हो गया। राजद ने यहां निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सासंद छेदी पासवान के पुत्र रवि शंकर पासवान को समर्थन दिया था।

- **राज्य की 122 विधानसभा सीटों पर तीन करोड़ 70 लाख मतदाताओं में से 69 प्रतिशत ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्वक पूरा हुआ।**

वहीं सुगौली सीट पर मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द हो गया था।वीआईपी ने यहां राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेज प्रताप यादव की पार्टी जन शक्ति जनता दल के उम्मीदवार श्याम किशोर भारती को समर्थन दिया था।प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने 120 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे।

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 121 सीटों पर प्रथम चरण के तहत 06 नवंबर को चुनाव संपन्न हुआ था। पहले चरण के मतदान में मतदाताओं ने 65.08 प्रतिशत मतदान दर्ज कर राज्य के चुनावी इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया था। दूसरे चरण का मतदान आज शाम छह बजे संपन्न हो गया। 14 नवंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

## मुख्य ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

में सचिव के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस वरिष्ठ आईएएस सुधांश पंत मूलतः उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहने वाले हैं। राजस्थान कैडर मिलने के बाद सुधांश पंत ने राजस्थान में लंबे समय तक काम किया।

वरिष्ठ आईएएस सुधांश पंत नरेन्द्र मोदी सरकार के पसंदीदा अफसर माने जाते रहे हैं। इसी लिहाज से उन्हें डेप्यूटेशन पर दिल्ली बुलाया गया, जहां उन्होंने भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय में सचिव के पद पर सराहनीय काम किया था। इसके बाद, राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाने के बाद मोदी सरकार ने उन्हें राजस्थान में मुख्य सचिव के पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी थी।

# इस्लामाबाद जिला न्यायालय में विस्फोट से 12 की मौत

## विस्फोट के कारणों की जांच हो रही है, अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

इस्लामाबाद, 11 नवंबर। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के जी-11 इलाके में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर एक विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गये। समाचार पत्र डॉन ने यह जानकारी दी है।

एक सुरक्षा सूत्र ने सीएनएन को बताया कि न्यायालय के निकट हुए विस्फोट की जांच आत्मघाती हमले के रूप में की जा रही है।

- **इस्लामाबाद एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। यह विस्फोट शहर के व्यस्त न्यायिक परिसर के पार्किंग स्थल में हुआ।**

डॉन ने इस्लामाबाद के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के कारणों की जांच भी की जा रही है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सुरक्षा अवरोधक के पीछे जले हुए वाहन से आग की लपटें और घना धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और बचाव एवं जांच दल घटनास्थल पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने अभी तक विस्फोट की प्रकृति या संभावित संदिग्धों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। इस्लामाबाद एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और विस्फोट शहर के व्यस्त न्यायिक परिसर के पार्किंग स्थल में हुआ, जहां कई उच्च स्तरीय सरकारी कार्यालय स्थित हैं।

अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक कैडेट कॉलेज पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद हुआ है।

## 'ट्रंप के अमेरिका ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

भारत के सामने इस समय खड़ी मुश्किलों का जिक्र करते हुये, राजन ने कहा, "भारत के पास ज़्यादा विकल्प नहीं हैं। उसकी चीन के साथ लंबी सीमा लगती है, एक बड़ा युद्ध और कई झड़पें हो चुकी हैं। भारत चीन से शंकित और आशंकित है, और इस बात से भी चिंतित है कि चीनी सामान भारत के बाजार में भरता जा रहा है। भारत चीनी निवेश का स्वागत तो करता है, लेकिन वह उस पर निर्भर होने से बचना भी चाहता है।"

राजन ने आगे कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य क्वाड देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, पर वह "अमेरिका के साथ मजबूत रिश्ता बनाना चाहता था" और "इस बात से बहुत निराश है कि यह रिश्ता अस्तित्व में नहीं आ सका है।"

उन्होंने यह भी बताया कि 50 प्रतिशत टैरिफ का असर किस तरह से अलग-अलग उद्योगों पर अलग-अलग पड़ा है। उन्होंने कहा, "कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जैसे ऐप्पल, जो सरकार को मनाकर छूट हासिल कर सकती हैं, जिसका अर्थ होगा कि वे टैरिफ से कम प्रभावित होंगी। लेकिन छोटी कम्पनियों के लिए यह 50 प्रतिशत शुल्क झेलना मुश्किल है, जिससे वे अपने उत्पाद अमेरिका में बेच नहीं पा रहीं।" राजन ने चेतावनी दी, "एक बार जब ये व्यापारिक संबंध टूट जाएं तो दोबारा बनाना कठिन होता है, क्योंकि तब तक बांग्लादेश या वियतनाम जैसी जगहों की कंपनियां वह जगह ले लेती हैं। इसलिये इस ऊँचे टैरिफ की मार तो झेलनी ही पड़ेगी। इसका असली नुकसान छोटे और मझोले उद्योगों को उठाना पड़ेगा, और जितना लंबा यह चलेगा, यह उतना ही स्थाई रुप से टूट जाएगा।"

# बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली में ग्रैप-3 लागू

नयी दिल्ली, 11 नवंबर। दिल्ली सरकार ने ग्रैप- 3 लागू होने के बाद दिल्ली में पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को आनॅलाइन/ऑफलाइन करने का निर्णय लिया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर मंगलवार से ग्रैप- 3 लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने अपने आदेश में कहा कि राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के प्रयास में ग्रैप-3 के सभी उपायों को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया है।

- **दिल्ली के सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि पांचवी तक के बच्चों की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलायें।**

दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सीएक्यूएम के आदेश का हवाला देते हुए पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली छावनी बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए हाइब्रिड मोड में कक्षाएं चलाएं। यह अगले आदेश तक तुरंत प्रभाव से लागू रहेगा।

# दिल्ली विस्फोट के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी के माता-पिता को हिरासत में लिया

## अधिकारिक सूत्रों के अनुसार उन्हें डीएनए परीक्षण के लिये हिरासत में लिया गया है

श्रीनगर, 11 नवंबर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दिल्ली विस्फोट के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी के माता-पिता को डीएनए परीक्षण के लिए दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले से हिरासत में लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार उमर उमर विस्फोट में मारा गया था या अभी भी फरार है, इस बात का पता लगाने के लिए नमूनों का दिल्ली के एक अस्पताल में रखें शवों से मिलान किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार उमर एक आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा था और प्रतिबंधित संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच) के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद हरियाणा के फरीदाबाद और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से दो डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद छिप गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "उमर मुख्य संदिग्ध है और ऐसा लगता है कि विस्फोट उसी अंतरराज्यीय मॉड्यूल द्वारा किया गया है जिसका हाल ही में भंडाफोड़ हुआ था।" उन्होंने आगे कहा, "हमने पूछताछ के लिए कम से कम छह लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें उमर का एक डॉक्टर दोस्त भी शामिल है।" फरीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय में कार्यरत उमर ,एक आतंकी मॉड्यूल से कथित संबंधों के आरोप में फरीदाबाद के डॉ. मुज़म्मिल गनई की गिरफ्तारी के बाद से फरार था।

- **यह पता लगाने के लिये कि उमर नबी विस्फोट में मारा गया या फरार है, डीएनए के नमूनों का दिल्ली के अस्पताल में रखे शवों से मिलान किया जायेगा।**

श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में जैश के पोस्टर मिलने की जाँच के दौरान इस कथित मॉड्यूल का खुलासा हुआ।

पुलवामा के कोइल इलाके में रहने वाले उमर के परिवार ने बताया कि उन्होंने उससे आखिरी बार शुक्रवार को बात की थी। उमर की भाभी ने कहा, "वह पिछले डेढ़ साल से जम्मू-कश्मीर से बाहर था।"

पुलवामा के कई अन्य निवासियों को सोमवार रात से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इनमें संबूरा गाँव का आमिर राशिद भी शामिल है, जो कथित तौर पर विस्फोट में इस्तेमाल की गई कार का वर्तमान मालिक है। सूत्रों ने बताया कि उसके भाई और तीन अन्य स्थानीय लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# वोटर्स को उकसाने के मामले में आजम खान दोषमुक्त हुए

रामपुर, 11 नवंबर। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वोटरों को उकसाने के मामले में रामपुर की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खां को दोषमुक्त करार दिया है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के खिलाफ वोटरों को उकसाने के मामले में आज फैसला आया है। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित है, जब आजम खां पहली बार चुनाव लड़े थे। मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हुई।

# तीन दिन लाल किला जनता के लिये बंद रहेगा

नयी दिल्ली, 11 नवंबर। राजधानी दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को हुए बम विस्फोट के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अगले तीन दिनों तक लालकिला को जनता के लिए बंद कर दिया है। इस विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 24 घायल हो गए।

इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम को दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी (एफआईआर) में औपचारिक रूप से "बम विस्फोट" के रूप में दर्ज किया है।

- **सोमवार को हुए बम विस्फोट के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने यह निर्णय लिया।**

विस्फोट से पास की दिल्ली पुलिस की एक चौकी की दीवार क्षतिग्रस्त हुई है।

इस घटना के बाद पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियात के तौर पर कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टुकड़ियाँ तैनात की गई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि लाल किले के पास हुआ विस्फोट एक आतंकवादी हमला था। दिल्ली विस्फोट और हाल ही में फरीदाबाद में पकड़े गए एक आतंकवादी मॉड्यूल के बीच संबंधों के उजागर होने के बाद जाँच में तेजी आयी है। स्थिति की गंभीरता और आतंकवादी संबंधों को देखते हुए, यह मामला आधिकारिक तौर पर देश की संघीय आतंकवाद विरोधी एजेंसी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपे जाने की उम्मीद है।

## सभी एग्ज़िट पोल ...

- **नीतीश की पार्टी के सिमटने का प्रमुख कारण था चिराग पासवान द्वारा भाजपा के प्रोत्साहन से नीतीश के सभी प्रत्याशियों के सामने अपने उम्मीदवार खड़ा करना।**
- **एग्ज़िट पोल्स के अनुसार, प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी लगभग दस प्रतिशत वोट पाएगी और इसका सबसे भारी नुकसान महागठबंधन को हुआ है, क्योंकि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी यूथ व माइग्रेंट वर्कर्स के वोटों के लिए प्रयासरत थे।**

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

में जेडीयू की सीटें घटकर 44 रह गई थीं। इसका मुख्य कारण एलजेपी (आरवी) नेता चिराग पासवान का वह निर्णय था, जिसमें उन्होंने भाजपा के इशारे पर जेडीयू के खिलाफ उम्मीदवार उतारे थे।

अगर इस बार जेडीयू का प्रदर्शन बेहतर रहता है, तो एनडीए के भीतर की कलह समाप्त हो जाएगी और भगवा पार्टी को नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में लंबे कार्यकाल के लिए समर्थन देना पड़ेगा। चुनाव प्रचार के ज़्यादातर समय तक भाजपा ने मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर अस्पष्ट रुख रखा था, लेकिन अभियान के अंत में उसने नीतीश कुमार के नाम का समर्थन किया।

अगर चुनाव विश्लेषकों के अनुमान सही साबित होते हैं तो प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) को 10 से कम सीटें मिलेंगी। हालांकि उनकी पार्टी के वास्तविक प्रभाव का आकलन अंतिम परिणाम और वोट प्रतिशत आने के बाद ही किया जा सकेगा। यदि जेएसपी को 10 प्रतिशत वोट मिलते हैं, तो इसका अर्थ होगा कि चुनाव मैदान में उनके उतरने से महागठबंधन को नुकसान पहुँचा। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और जेएसपी के प्रशांत किशोर, दोनों ने ही एक ही मतदाता वर्ग, यानी युवाओं और प्रवासी मजदूरों, में पकड़ बनाने की कोशिश की थी।

# अंता में जातिगत समीकरण हावी रहा, मुकाबला केवल भाजपा व कांग्रेस के बीच

## निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा अपने समाज के वोट हासिल करने में सफल रहे, पर, अन्य समाज को साथ नहीं ले पाए

कोटा, 11 नवम्बर (निसं)। राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव में करीब 80 फ़ीसदी मतदान हुआ है। भाजपा के मोरपाल सुमन, कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वसुंधरा राजे, अशोक गहलोत, सचिन पायलट आदि ने अपने -अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए प्रचार किया। इन तीनों प्रत्याशियों के अलावा 15 अन्य उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

इस चुनाव में दोनों पार्टियों ने जान लगाई हुई थी, क्योंकि यह उपचुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए नाक का सवाल बना हुआ है। दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं से लेकर विधायक और सांसद तक यहां डेरा डाले हुए थे। पूरे प्रदेश की नजर अंता के इस चुनाव पर टिकी है। मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री, दोनों पार्टियों के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और विधायकों ने यहां प्रचार-रैलियां की हैं। नेताओं की लंबी फौज लगाई गई थी। एक-एक पंचायत के लिए विधायक या पूर्व विधायक को प्रभारी बनाया गया। दोनों पार्टियों ने ऐसा किया। कहा जा रहा है कि इस चुनाव के परिणाम पर जातिगत समीकरण ही हावी रहेंगे। यहां पर माली मतदाताओं की संख्या 40 हजार से अधिक है। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी ने मोरपाल सुमन को प्रत्याशी बनाकर माली मतों पर एक मुश्त कब्जा करने की कोशिश की है, जबकि यहां पर मीना मतदाताओं की संख्या भी 35 हजार के करीब है। गत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने यहां से कंवरलाल मीणा को टिकट दिया था।

- **कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन 'भाया' ने मजबूती से चुनाव लड़ा है और वे अपने आपको जीतने की स्थिति में मानते हैं।**

कंवरलाल मीणा तब मीणा मतदाताओं में सेंध लगाने में सफल रहे और कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया करीब 5800 मतों से चुनाव हार गए। कंवर लाल मीणा की सदस्यता रद्द होने के कारण यहां पर उपचुनाव हुआ है। मुकाबला इसलिए रोचक हो गया है, क्योंकि यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने भी ताल ठोक रखी है। स्पष्ट रूप से मीणा मतदाताओं ने बहुतायत में नरेश मीणा के समर्थन में मतदान किया है। माली मतदाता भाजपा का परंपरिक वोटर है और वह मोरपाल सुमन के पक्ष में गया है। परंतु प्रमोद जैन भाया ने प्रभुलाल सैनी से चुनाव हारने के बाद माली मतदाताओं के मध्य काफी काम किया है। यही स्थिति कंवरलाल मीणा से चुनाव हारने के बाद भी रही है। ऐसी स्थिति में प्रमोद जैन भाया माली और मीणा समाज के कुछ वोट हासिल करने में सफल रहे हैं।

यहाँ गुर्जर और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 20-20 हजार के करीब है। सचिन पायलट की भाया के पक्ष में चुनावी रैली के बाद गुर्जर समाज के अलावा, युवा और शिक्षित मतदाता कांग्रेस के पक्ष में आया है। इस चुनाव में जातिवाद हावी होने के कारण ब्राह्मण और बनिया मतदाता जनरल प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की पैरवी करता दिखा है। जनरल मतदाताओं का कहना है कि जब मीणा समाज के लोग मीणा समाज के व्यक्ति को और माली समाज के लोग माली समाज के व्यक्ति को समर्थन दे रहे हैं तो फिर हम जनरल व्यक्ति को समर्थन क्यों न दें। इन सब समीकरणों को देखते हुए मुकाबला केवल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के मध्य ही है।

भाया चुनाव के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और उन्होंने चुनाव की घोषणा होने के साथ ही अपने क्षेत्र में काम शुरू कर दिया था। भाया के समर्थन में कांग्रेस नेताओं की बड़ी फौज अंतिम समय तक चुनाव में डटी रही। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची तो अंता के लिए जारी की, लेकिन इनमें से केवल 10-12 स्टार प्रचारक ही प्रचार के लिए पहुंचे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मोरपाल सुमन के पक्ष में रोड शो करने से जरूर मोरपाल सुमन की स्थिति सुधरी है, परंतु वे जीत के जादुई आंकड़े तक पहुंच पाएंगे, यह कहना मुश्किल है। मीणा मतदाताओं के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के समर्थन में जाने के बावजूद, प्रमोद जैन भाया की स्थिति मजबूत नजर आ रही है। एसटी वर्ग के मतदाताओं ने साइलेंट होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है।

## ट्रंप बीबीसी ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

पेशकश की है। उन्होंने सार्वजनिक साक्षात्कारों में कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से माफी भेजने के लिए समय मांगेंगे। उन्होंने यह स्वीकार किया कि ट्रंप के भाषणों को काट-छांटकर प्रस्तुत करने में निर्णय की गलती हुई, जिससे ऐसा आभास हुआ कि ट्रंप हिंसा के लिए उकसा रहे हैं।

इस बीच, बीबीसी के पूर्व महानिदेशक ने संस्था के कर्मचारियों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बीबीसी की पत्रकारिता के मानक अत्यंत उत्कृष्ट हैं और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने सोमवार को बीबीसी के महानिदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कर्मचारियों से बात करने के लिए कार्यालय पहुँचे।

उन्होंने कर्मचारियों को बीबीसी के भविष्य को लेकर आश्वस्त किया और भरोसा जताया कि बीबीसी के वित्त पोषण के लिए मौजूदा लाइसेंस शुल्क प्रणाली भविष्य में भी जारी रहेगी। टिम डेविस वर्तमान संकट के संदर्भ में दृढ़ व विद्रोही रुख में दिखाई दिए और उन्होंने बार-बार कहा कि उन्हें बीबीसी की पत्रकारिता पर गहरा गर्व है।

व्यापक रूप से माना जा रहा है कि डॉनल्ड ट्रंप इस समय मीडिया घरानों के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी के मूड में हैं और मीडिया को अपने दृष्टिकोण से सहमत करने के लिए भारी-भरकम हर्जाने की धमकियाँ दे रहे हैं। वे मीडिया को डराने की कोशिश कर रहे हैं, जैसा किसी अन्य राष्ट्रपति ने अब तक नहीं किया।

वर्तमान में ब्रिटेन की नरम नीति और सरकार के विनम्र समर्पण को देखते हुए यह आशंका जताई जा रही है कि बीबीसी को अपने देश से भी पर्याप्त समर्थन नहीं मिलेगा। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति के करीबी राजनीतिक हलके भी अब बीबीसी पर लगातार हमले कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप के कुछ मित्र और समर्थक मीडिया साक्षात्कारों में बीबीसी पर पूर्वाग्रह का आरोप लगा रहे हैं और बड़े हर्जाने के दावे की चर्चा दोहरा रहे हैं।

दूसरी ओर, ब्रिटिश जनता का एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और वाइट हाउस के रवैये से नाराज़गी जता रहा है। कुछ लोगों ने कहा है कि अगर बीबीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी भी प्रकार का हर्जाना दिया, तो वे टीवी लाइसेंस शुल्क देने से इनकार कर देंगे, जिससे बीबीसी को धन प्राप्त होता है।

कुछ लोगों का यह भी मानना है कि बीबीसी ने अपनी रिपोर्टिंग में पक्षपात दिखाया है, खासकर गाज़ा से जुड़ी घटनाओं के संदर्भ में।

## पूर्व विधायक ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

हाईकोर्ट ने आरोपी को निचली कोर्ट में पेश होने के लिए भी कहा था। लेकिन इसके बावजूद भी आरोपी निचली कोर्ट में पेश नहीं हो रहा। जिस पर एसीजेएम कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उसे तलब किया है।

## राज्यपाल ने ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

और अनियमित भुगतान के अलावा नियम-प्रावधानों के विपरीत जाकर मनमर्जी से कार्य करने, वित्त विभाग के नियमों का उल्लघंन कर विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पहुंचाने के आरोप प्रमाणित पाए गए हैं।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908